जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**So That is how your time was squandered!**

'From feeling that time was limitless—a non-factor—to feeling that time was depressingly limited—the only factor!' – Sahil Bloom

**Pet-friendly Airbnbs**

Plan a journey that will etch fond memories for both you and your loyal companion



*टोंक यात्रा पर गए सचिन पायलट ट्रैक्टर चलाकर सभा स्थल पहुंचे। अपने प्रिय नेता का यह स्टाइल उनके युवा समर्थकों को खूब पसंद आया। इन दिनों मानो पायलट समर्थकों में अपने नेता पर पुष्प वर्षा करने की होड़ लगी हुई है। टोंक यात्रा में पायलट समर्थक कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आम जनता ने दो दर्जन से ज्यादा जे.सी.बी. से पायलट पर फूल बरसाए। टोंक में पायलट ने दर्जनों स्थानों का दौरा किया और हर जगह उनका शानदार स्वागत हुआ। पायलट ने टोंक को रेल मार्ग से जुड़ने के मुद्दे पर कहा कि, हमने कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ी पर भाजपा की केन्द्र सरकार इसमें कुछ नहीं कर रही। पायलट ने अपने दौरे में जनसुनवाई की और जनता की शिकायतें व सुझाव सुने। पायलट ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि, जिन गांवों में विकास एवं निर्माण कार्यों को शुरू किया गया था वे पूरे हो चुके हैं, शेष प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा।*

# 'गहलोत की ज़िद व अरोड़ा की बदतमीजी से कैसे निपटें?'

## हाई कमान ने प्रभारी सुखविंदर रंधावा को दिल्ली बुलाया इस बारे में उनका सोच जानने के लिए

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 अक्टूबर। ए.आई.सी.सी. द्वारा करवाए गए सर्वे ने स्पष्ट बता दिया है कि, गहलोत सरकार के 70 प्रतिशत मंत्री शर्तिया चुनाव हारेंगे।

चुनाव आयोग की अधिसूचना और आचार संहिता लागू होने से पहले ही कई मंत्री अपने निर्वाचन क्षेत्रों में जनता द्वारा दिखाए जा रहे काले झण्डों और हूटिंग का सामना कर रहे हैं। सईदा खान और ममता भूपेश इसके हालिया उदाहरण हैं।

सूत्रों का कहना है कि, राजस्थान में वरिष्ठ पर्यवेक्षकों द्वारा पार्टी नेतृत्व को दी गई रिपोर्टों में स्पष्ट कहा गया है कि, गहलोत अपने चहेते मंत्रियों और विधायकों को टिकट दिलाने के लिए

- **हाई कमान के सर्वे लगातार कह रहे हैं कि, गहलोत मंत्रिमण्डल के 70 प्रतिशत मंत्रियों की हार सुनिश्चित है।**
- **हालांकि आचार संहिता अभी लागू नहीं हुई है, पर कई मंत्रियों को अपने-अपने क्षेत्रों में काले झंडों व हूटिंग का सामना करना पड़ रहा है।**
- **पर अशोक गहलोत अभी भी सभी मंत्रियों व विधायकों को टिकट दिलाने के लिए अड़े हुए हैं।**
- **सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनील कानूगोलो को कांग्रेस आलाकमान से राजस्थान में एक और सर्वे करने के आदेश मिले हैं, जो कि टिकट वितरण का आधार बनेगा।**

ऐड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं और इस बारे में नेतृत्व की भी नहीं सुन रहे हैं। मुख्यमंत्री से निपटने में नेतृत्व को बहुत मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है।

एक वरिष्ठ मंत्री, जिन्हें इन बातों की जानकारी है, ने कहा कि, यदि पार्टी नेतृत्व ने गहलोत से सही तरीके से नहीं निपटा तो पार्टी को बुरी हार देखनी पड़ेगी।

माना जा रहा है कि, सुनील कानूगोलो राजस्थान की जमीनी स्थिति के बारे में एक और सर्वे तैयार कर रहे हैं, जिसके आधार पर टिकट बांटे जाएंगे, इस बात पर विचार किए बिना कि गहलोत क्या सोचते हैं।

पार्टी नेतृत्व को, नरेश अरोड़ा और डिज़ाइन बॉक्स के मसले को भी निपटाना है। ज्ञातव्य है कि अरोड़ा ने कुछ समय पहले पार्टी पदाधिकारियों के साथ बदतमीज़ी की थी। यह भी कहा जा रहा है कि, महासचिव रंधावा को दिल्ली बुलाया जा रहा है, इस मुद्दे पर विचार विमर्श करने के लिए।

# पायलट का निराला अंदाज, ट्रैक्टर चलाकर स्वागत स्थल पहुंचे

## टोंक आगमन पर पायलट का भव्य स्वागत हुआ, दो दर्जन जे.सी.बी. से फूल बरसाए गए

टोंक, 4 अक्टूबर (निसं)। टोंक में पूर्व उपमुख्यमंत्री व विधायक सचिन पायलट ने कई ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर विकास योजनाओं का शिलान्यास किया।

पायलट ने इस मौके पर कहा, मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि, टोंक को रेल मार्ग से जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने कोई कमी नहीं छोड़ी है, लेकिन, केन्द्र

- **पायलट ने टोंक दौरे में ग्रामीण क्षेत्रों में कई योजनाओं का शिलान्यास किया।**
- **टोंक को रेल मार्ग से जोड़ने पर पायलट ने कहा, हमने टोंक में रेल लाने में कोई कमी नहीं छोड़ी है, पर केन्द्र सरकार कुछ नहीं कर रही है।**
- **पायलट ने कहा कि, राहुल गांधी कहते हैं, युवाओं को मौका दिया जाएगा, मैं भी युवा के साथ हूँ। बस शर्त यह है कि, युवा कर्मठ कार्यकर्ता हो।**
- **पायलट ने भाजपा पर भी निशाना साधा और कहा, केन्द्र सरकार राजस्थान को पैसा नहीं दे रही है। भाजपा चुनावों को लेकर बुरी तरह डरी हुई है।**

सरकार इसमें कुछ नहीं कर रही है। पायलट ने यह भी कहा कि, गत दिनों टोंक में भाजपा के प्रभारी, दिल्ली सांसद रमेश बिधूड़ी को भेजा गया था, लेकिन जनता सिर्फ शोर नहीं देखती है, बल्की काम देखकर अपना आशीर्वाद देती है। पायलट ने अपने विधानसभा क्षेत्र के तकरीबन दर्जनों गांवों का दौरा किया और जनसुनवाई में लोगों को आश्वस्त किया कि, कांग्रेस सदा ही आपके सुख-दुख के साथ खड़ी रही है एवं आगे भी आपके साथ खड़ी रहेगी।

पालयट के स्वागत में कुछ अभूतपूर्व दृश्य भी दिखे। दिनेश चौरसिया, उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेठी टोंक, ने 2 दर्जन जेसीबी से पुष्पवर्षा करवाकर पायलट का स्वागत किया। सईद सउदी, नगर परिषद चेयरमैन, अली अहमद, जिलाध्यक्ष, हरिप्रसाद बैरवा, प्रधानपति हंसराज फागणा सहित अनेक कांग्रेसियों ने पायलट का मालाओं से स्वागत करके माहौल को खुशनुमा व आत्मीय बना दिया।

स्वागत स्थल पर पायलट बहुत ही अलग अन्दाज में, लगभग 400 मीटर दूरी तक स्वयं ट्रैक्टर चलाकर पहुंचे। मीडिया से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा, जैसा कि, राहुल गांधी कहते हैं कि, युवाओं को मौका दिया जायेगा, मैं स्वयं भी युवाओं का पक्षधर हूं, बस शर्त है कि, युवा कर्मठ कार्यकर्ता हो तो उसे जरूर अवसर दिया जायेगा।

पायलट ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि, जिन गांवों में विकास एवं निर्माण कार्यों को शुरू किया गया था वे पूरे हो चुके हैं, शेष प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। पायलट ने कहा कि, चिकित्सा, शिक्षा, पेयजल,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



ऑटोमेटिक कान की मशीनें 3500/- से शुरु
स्पीच थैरेपी
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
94602 07080

## रसोई गैस के दाम 100 रू. घटे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 अक्टूबर। दुर्गापूजा और दीवाली से पहले उज्जवला योजना के लाभार्थियों के लिए बुधवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने रसोई गैस पर सब्सिडी 200 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए प्रति सिलैण्डर कर दिया।

मीडिया को मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण

- **रक्षाबंधन के आसपास केन्द्र सरकार ने रसोई गैस की कीमतों में 200 रू. की कमी की थी।**

मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहां कि रक्षाबंधन पर अनुदान को 200 रुपए किया गया था जिसे अब बढ़ाकर 300 रुपए कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उज्जवला योजना के लाभार्थियों को अब घरेलू रसोई गैस सिलैण्डर 600 रुपए में मिलेगा।

दिल्ली में 14.2 किलोग्राम का एल.पी.जी. सिलैण्डर अब 603 रुपए में मिलेगा हालांकि बाजार मूल्य 903 रुपए है।

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने तेलंगाना में 889 करोड़ रुपए की लागत से एक केन्द्रीय आदिवासीय विश्वविद्यालय की स्थापना को भी स्वीकृति दे दी।

# चीन की न्यूक्लियर पनडुब्बी चीन के बिछाए जाल में फंसी, 55 लोग मरे

## चीन ने यलो सी में अपना दावा मजबूत करने के लिए सुरक्षा जाल बिछाया था, ताकि अमेरिका या अन्य देश इस क्षेत्र में न घुस सकें

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 अक्टूबर। ऐसी खबर है कि एक पनडुब्बी में मौजूद चीन के करीब 55 नौ सैनिकों और सैनिकों की मौत हो गई है। चीन अपने ही बिछाए जाल में फंस गया है।

चीन की सेना की परमाणु हथियारों से सुसज्जित एक पनडुब्बी चीनी सेना द्वारा बिछाए गए जाल से ही टकरा गई, जिससे इसके महत्वपूर्ण भाग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। पनडुब्बी की मरम्मत में इतना अधिक समय लग गया कि उस पर मौजूद ऑक्सीजन सप्लायी धीरे-धीरे कम होती चली गई।

ऑक्सीजन की कम सप्लायी के कारण पनडुब्बी में मौजूद सभी सैनिकों और क्रू मैम्बर्स का दम घुटने लगा और उनकी मौत हो गई। हम पूरे घटनाक्रम का खुलासा लंदन के "द टाइम्स" अखबार ने किया।

विशेषज्ञ ध्यान दिलाते हैं कि चीन की जमीन से काफी दूर लिए चीन अपने समुद्री बेडों को इस्तेमाल कर रहा है।

- **लेकिन इस सुरक्षा घेरे में चीन की ही पनडुब्बी फंस गई। फंसी हुई पनडुब्बी की मरम्मत में काफी वक्त लग गया, जिससे पनडुब्बी में सवार 55 नाविक एवं नौ सैनिक ऑक्सीजन की कमी के कारण मारे गए।**
- **चीन का इरादा था कि, अगर कभी अमेरिका या अन्य देशों की पनडुब्बी या कोई जहाज यलो सी के करीब आए तो समुद्र की तलहटी में बिछाए गए सुरक्षा घेरे में फंस जाए, पर हुआ उल्टा।**
- **इस हादसे ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर क्षेत्र की निगरानी व्यवस्था पर।**
- **वर्तमान में चीन सबसे बड़ी नौ सैनिक शक्ति है, पूर्व में यह दर्जा अमेरिका का था।**

चीन की शक्ति स्थापित करने के काम में लिया जा रहा है।

चीन की सेना ने यलो सी के तल में जंजीरे व अन्य भारी सामान जैसे अवरोध बिछा रखे थे। यलो सी के लिए चीन का दावा है कि यह उसका विशिष्ट एवं सार्वभौमिक क्षेत्र है। उक्त अवरोधक इस क्षेत्र अमेरिका व अन्य देशों की नौ सेनाओं को ट्रैप करने के लिए लगाए गए थे। अमेरिका व अन्य अन्तर्राष्ट्रीय जहाजी बेड़ों को ट्रैप करने के बजाए चीन खुद ही अपने बनाए जाल में स्वयं ही फंस गया। यदि निगरानी का उच्च स्तर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अखबार की खबर बनी पत्रकारों पर कार्यवाही का आधार

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 अक्टूबर। गत अगस्त माह में न्यूयॉर्क टाइम्स की एक जांच रिपोर्ट में वामपंथी विचारधारा वाली दिल्ली की एक न्यूज़ वैबसाइट

- **न्यूयॉर्क टाइम्स ने अगस्त में न्यूज़ क्लिक के चीन समर्थक नैटवर्क से संबंध होने की खबर छपी थी, जिसके आधार पर दिल्ली पुलिस ने पत्रकारों पर रेड की।**

"न्यूज़ क्लिक" का संबंध चीन समर्थित एक नैटवर्क से पाया गया था। दिल्ली पुलिस ने उक्त रिपोर्ट के आधार पर ही इसके लेखकों के घर पर रेड की और इसके संस्थापक व एक पत्रकार को गिरफ्तार किया।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने खबर दी कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के प्रत्यक्ष नियंत्रण में आने वाली दिल्ली पुलिस ने अपनी कार्रवाई के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

भारत के वित्तीय प्रवर्तन अधिकारियों ने वर्ष 2021 में न्यूज़

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रैस की आज़ादी की सुरक्षा के लिए चीफ जस्टिस से गुहार की पत्रकारों ने

## विभिन्न शहरों के प्रैस क्लबों व अन्य संगठनों ने चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया, डी.वाय. चन्द्रचूड़ को पत्र लिखा

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 अक्टूबर। इधर सत्तारूढ़ पार्टी ने अपनी बदले की राजनीति के चलते आज भी विपक्षी पार्टियों और स्वतंत्र पत्रकारों के खिलाफ सरकारी जांच एजेंसियों का उपयोग जारी रखा और उधर देश भर के 16 मीडिया संगठनों ने भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ को एक संयुक्त पत्र लिखकर निवेदन किया है कि देश में प्रैस की आज़ादी पर हमले पर न्यायपालिका ध्यान दे।

इस बीच आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को आज प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाले में गिरफ्तार किया। ई.डी. ने संजय सिह को गिरफ्तार करने से पहले 10 घंटे तक उनके यहां तलाशी ली।

मीडिया संगठनों ने यह अपील तब की जब दिल्ली पुलिस ने उन 46 पत्रकारों के यहां रेड की और उनसे पूछताछ की, जो किसी न किसी रुप में ऑनलाइन समाचार पोर्टल न्यूज़ क्लिक से जुड़े हैं। कई पत्रकारों के इलैक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर लिए गए और पोर्टल के निदेशक प्रबीर पुरकायस्थ तथा एच.आर. प्रमुख अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया गया।

पत्र मे कोर्ट की मदद मांगी गई है ताकि किसी सनक पर पत्रकारों के फोन और लैपटॉप जब्त करने, उनसे पूछताछ करने उनका सामान जब्त करने संबंधी मानदंड बनाए जाएं। कोर्ट से अपील की गई है कि वह राजकीय एजेंसियों की जिम्मेवारी तय करने और कानून से परे जाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने के तरीके ईजाद करे।

विभिन्न शहरों प्रैस क्लबों सहित इन संगठनों ने कहा कि वे नहीं चाहते कि पत्रकार कानून से ऊपर हों लेकिन उनसे कानून-सम्मत बर्ताव तो किया ही जाना चाहिए।

जिस तरह संविधान पुलिस को बाध्य करता है कि वह गिरफ्तारी के आधार बताए, उसी प्रकार पूछताछ के लिए भी पूर्व निर्धारित शर्तें होनी चाहिए। यह नहीं होने से वैसा होता है जो न्यूज़ क्लिक के मामले में हुआ कि एक ऐसे अपराध की जांच हो रही है जिसके बारे

- **पत्र में कोर्ट से मांग की गई है कि, पत्रकारों के फोन, लैपटॉप जब्त करने व उनसे पूछताछ करने के लिए दिशा निर्देश बनाए जाएं।**
- **पत्र में कहा गया है कि, पत्रकार कानून से ऊपर नहीं हैं, ना होना चाहते हैं, पर उन्हें डराना धमकाना नहीं चाहिए।**
- **सूत्रों ने बताया कि, गिरफ्तार किए गए पत्रकारों से किसान आंदोलन, सरकार के कोविड कुप्रबंध एवं नागरिकता अधिनियम के विरोध में हुए आंदोलनों की रिपोर्टिंग के बारे में सवाल पूछे जा रहे हैं।**
- **गौरतलब है कि, मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने न्यूज़ पोर्टल न्यूज़ क्लिक से जुड़े पत्रकारों पर रेड की व कुछ को गिरफ्तार भी किया। पत्रकारों से पूछताछ की जा रही है।**

में कुछ जानकारी ही नहीं है। पत्रकारों से किसान आंदोलन, सरकार की कोविड महामारी संभालने में असफलता तथा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम विरोधी आंदोलन की करवेज को लेकर प्रश्न पूछे गए।

मीडिया संगठन कहते हैं कि पत्रकार कानून से ऊपर नहीं है और ना ही होना चाहते हैं। लेकिन मीडिया को डराने-धमकाने से समाज के लोकतांत्रिक ढांचे पर प्रभाव पड़ता है और पत्रकारों पर केवल इसलिए अपराधिक कार्रवाई करना कि सरकार को उनका राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मसलों की कवरेज करना पसंद नहीं है, प्रैस को कार्रवाई की धमकी देकर चुप करवाने का प्रयास है और यह प्रैस की स्वतंत्रता को खतरा है।

सरकार को इस आधार पर जांच के व्यापक अधिकार दिए गए हैं के उसकी एजेसिंयां तथ्यों पर जांच करती हैं। इसी तरह बोलने की आज़ादी के संवैधानिक प्रावधानों के तहत जो जबरदस्ती से सुरक्षा में प्रदान की जानी चाहिए। पुलिस को अपने दायरे से बाहर जाने से रोकने के तरीके निकालने चाहिए। विशेषकर जब इन अधिकारों का लगातार दुरुपयोग हो रहा है। कई मामलों की सुनवाई वर्षों तक चलती है और इसमें बहुत कुछ दांव पर लगा होता है।

यू.ए.पी.ए. के तहत गिरफ्तार किए गए पत्रकारों को जमानत मिलने से पहले सलाखों के पीछे वर्षों तक न सही, कई महीनों तक रहना पड़ता है। हमारे सामने सिद्दीक कप्पन का उदाहरण है जिन्हें जमानत मिलने से पहले दो साल चार माह जेल में रहना पड़ा। जेल में फादर स्टैन स्वामी की मौत याद दिलाती है कि आतंकवाद के नाम पर अधिकारी मानव जीवन के प्रति कितने उदासीन हो जाते हैं।

प्रधान न्यायाधीश को लिखे पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में शामिल हैं डिजीपब न्यूज़ इंडिया फाउंडेशन, प्रैस क्लब और इंडिया, दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, इंडियन वीमेन्स प्रैस कोर, फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रॉफेशनल्स, चंडीगढ़ प्रैस क्लब, नैशनल एलायंस ऑफ जर्नलिस्ट्स, मुंबई प्रैस क्लब और अन्य।

इन संगठनों को भय है कि मीडिया के विरूद्ध कार्रवाई हद से बढ़कर हुई है और यदि इसे जारी रहने दिया गया तो सुधारात्मक कदमों के लिए काफी देर हो जाएगी। इसलिए उनका सामूहिक मत है कि उच्च न्यायपालिका को अब दखल देना चाहिए और मीडिया के विरूद्ध एजेंसियो के बढ़ते दमन को रोकना चाहिए।

पिछले कुछ वर्षों में ऐसे कई मामले हुए हैं जब प्रैस की आज़ादी पर सरकार के हमले पर न्यायपालिका को दखल देना पड़ा। लेकिन पिछले 24 घंटों में जो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## हिमाचल में खालिस्तानी नारे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 अक्टूबर। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला शहर में एक सरकारी दफ्तर की दीवार पर "खलिस्तान समर्थक" नारे लिखे हुए पाए गए, जबकि, तीन दिन बाद ही यहाँ

- **धर्मशाला में दीवार पर खालिस्तान समर्थक नारे देखे गए, पुलिस ने हालांकि दीवार साफ कर दी है, पर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।**

आई.सी.सी. वर्ल्ड कप मैच शुरु होने वाले हैं। पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए नारों को छुपाने के लिए दीवार पर पेंट करवा दिया है।

धर्मशाला पुलिस इस घटना की जाँच कर रही है। सितम्बर की 27 तारीख को इसी तरह की एक घटना में, दिल्ली के कश्मीरी गेट फ्लाय ओवर की दीवारों पर खलिस्तान समर्थक नारे लिखे हुए पाए गए थे, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज करवाया था।

पुलिस ने बताया कि, सत्ताइस सितम्बर को एक वीडियो सामने आया था, जिसमें साइनेज (मार्गों के पास लगे) बोर्ड दिखाई पड़ रहे थे। नॉर्थ दिल्ली पुलिस को सीलमपुर से कश्मीरी गेट आने वाले फ्लाय ओवर पर खलिस्तान समर्थक नारे लिखे हुए मिले।

## विचार बिन्दु

**त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी**

# खिलौना उद्योग में भारत की धमक

यदि इच्छा शक्ति और ठान ले तो बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। इसका जीता-जागता उदाहरण है देश का खिलौना उद्योग। यह अभी कल की ही बात लगती है जब भारत 20 हजार करोड़ के खिलौने अकेले चीन से आयात करता था। कोरोना के बाद बदली परिस्थितियों ने चीन को लेकर दुनिया के देशों का मोह भंग हुआ और उसके बाद हालात यह होने लगे कि दुनिया के देश चीन और उसकी नीतियों को हिकारत की दृष्टि से देखने लगे। सरकार ने भी इसे गंभीरता से लिया और सरकार के एक आह्वान और सकारात्मक नीतियों का परिणाम यह रहा कि देश में खिलौना उद्योग ने रफ्तार पकडी। हालात में तेजी से बदलाव का ही परिणाम है कि आज भारत में खिलौना उद्योग तेजी से फलने-फूलने लगा है। देशी बाजार में स्वदेशी खिलौनों की मांग बढ़ी तो विदेशी बाजार में भी भारतीय खिलौनों की तेजी से मांग बढ़ी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि इसमें प्रमुख कारण खिलौना उद्योग के लिए प्रोत्साहन नीतियां प्रमुख कारण रही। आयात शुल्क बढ़ाने के साथ ही सरकार ने प्रोडक्शन लिंक इंसेटिव स्कीम लागू कर उद्योग के विकास में सहभागी बनी। आज 12 प्रतिशत विकास दर के साथ खिलौना उद्योग बढ़ रहा है और वह भी चक्रवृद्धि विकास दर है। इसे भारतीय खिलौना उद्योग के लिए शुभ संकेत ही माना जा सकता है।

देखा जाए तो खिलौना उद्योग पर चीन का एकाधिकार ही रहा है। लगभग 80 प्रतिशत बाजार चीन के पास रहा है। ऐसे में चीन के खिलौना उद्योग को चुनौती देना बड़ी मुश्किल भरा काम रहा है। पर एक आह्वान ने सब कुछ बदल कर रख दिया। केन्द्र व राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों से देश में खिलौना उद्योग ने गति पकड़ ली है। एक समय था जब भारत चीन से 20 हजार करोड़ का खिलौना आयात करता था। और आज हालात यह हो गए हैं कि आज भारत में खिलौनों का घरेलू बाजार 124.73 अरब का हो गया है। भारत से खिलौनों के निर्यात में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। 2018-19 में 16.81 करोड़ के खिलौने निर्यात होते थे 2022-23 में बढ़कर 27.08 अरब डॉलर हो गया है। माना जा रहा है कि 2028 तक भारत में खिलौना उद्योग 249.47 अरब रुपये को पार कर जाएगा। इसके पीछे एक कारण यह भी है कि जो माहौल बना और बनाया गया उसका परिणाम यह रहा कि बच्चों की पहली पसंद भी भारतीय खिलौने ही हो गए हैं।

**केन्द्र व राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों से देश में खिलौना उद्योग ने गति पकड़ ली है। एक समय था जब भारत चीन से 20 हजार करोड़ का खिलौना आयात करता था। और आज हालात यह हो गए हैं कि आज भारत में खिलौनों का घरेलू बाजार 124.73 अरब का हो गया है।**

खिलौना उद्योग में आज 4000 एमएसएमई अपनी भागीदारी निभा रही है। एक सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी है कि एमएसएमई उद्योग देश का ग्रोथ इंजन होता है। एमएसएमई उद्योगों से जहां रोजगार के अधिक अवसर विकसित होते हैं वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध होता है। होता यह है कि बड़े उद्योगों में एक सीमा तक ही रोजगार के अवसर होते हैं क्योंकि वहां टेकनीक का अधिक उपयोग होता है तो दूसरी ओर एमएसएमई उद्योग में रोजगार के अधिक अवसर होने से आर्थिक व्यवस्था को नई दिशा मिलती है। स्थानीय स्तर से लेकर निर्यात तक के अवसर आसानी से उपलब्ध होते हैं।

जहां तक खिलौनों का संबंध है 2600 ईसा पूर्व सुमेरियन सभ्यता के अवशेषों में मानव और पशु आकृति के अवशेष मिले हैं जिनके बारे में यह माना जाता है कि यह उस जमाने के खिलौनों के ही अवशेष है। 500 ईसा पूर्व ग्रीक के अवशेषों में खिलौनों के अवशेष देखे गए हैं। जहां तक हमारे देश की बात है रामायण-महाभारत व पुराणों में खेल-खिलौनों की बाकायदा चर्चा मिलती है। आज प्लास्टिक का दौर है तो सर्वाधिक खिलौने प्लास्टिक के ही बनने लगे हैं। हमारे यहां मिट्टी, धातु, टेरीकोट्टा, कपड़े, लकडी, सींग, रत्नों आदि से निर्मित खिलौनें तैयार होते है। समय के अनुसार खिलौनों की मांग भी बदलती रही है। एक समय था और आज भी बार्बी की मांग सबसे अधिक देखी जाती है। इसके बाद क्यूबिक की भी मांग सबसे अधिक देखी गई। गेंद, बंदूक, जहाज, कार, ट्रेन, डमडमी, बाजे, सिटी और इसी तरह के खिलौनें सामान्य से लेकर ऑटोमेटिक, चाबी से चलने वाले और आज तो सेल व सोलर से चलने वाले खिलौने बाजार में आने लगे हैं। दरअसल खिलौने बच्चों के मनबहलाव के ही साधन ना होकर ज्ञानवर्द्धक और बच्चों की मानसिकता के विकास में भी सहायक रहे हैं। खेल-खेल में सीखने की प्रवृति खिलौनों के माध्यम से रही है। खिलौने मानसिक विकास के भी प्रमुख माध्यम रहे हैं।

दरअसल सरकार ने खिलौनों पर आयात शुल्क 20 से प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर देने, कच्चे माल की सहज उपलब्धता, ईज ऑफ डूइंग के तहत आसानी से उद्योगों की स्थापना और इसके साथ ही पीएलआई यानी कि प्रोडक्शन लिंक इंसेटिव से उद्योग को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही सरकार द्वारा निर्यात को आसान और आम उद्यमी की पहुंच में करने से देशी-विदेशी बाजार मिलने में आसानी हुई है। देश के हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद द्वारा भी आवश्यक सहयोग दिया जा रहा है। इसके साथ ही राज्य सरकारें भी आगे आई है और यही कारण है कि बहुत कम समय में देश के खिलौना उद्योग ने देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है।

अंत में एक बात और विदेशों में प्रतिस्पर्धा में बना रहना है तो गुणवत्ता, मूल्य प्रतिस्पर्धा के साथ ही नवाचार और शोध को बढ़ावा देना होगा। सशक्त आरएण्डडी टीम बनानी होगी और इसके साथ बाजार की मांग को भी समझना होगा। यह भी ध्यान रखना होगा कि खिलौना उद्योग का लक्षित वर्ग बच्चे हैं ऐसे में बच्चों के लिए हानिकारक ना हो ऐसे कच्चे माल का ही उपयोग करना होगा। बच्चो के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना होगा। सरकार को भी इस दिशा में सहयोगी की भूमिका निभानी होगी और तकनीकी, वित्तीय व मार्गदर्शक की भूमिका निभानी होगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 5 अक्टूबर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

आश्विन मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, मृगशिरा नक्षत्र सांय 7:40 तक, वारियान योग शुक्रवार प्रातः 5:22 तक, विष्टि करण सांय 6:08 तक, चन्द्रमा प्रातः 6:59 से मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-वृष, मंगल-तुला, बुध-कन्या, गुरू-मेष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

रवियोग रात्रि 7:40 तक रहेगा। आज भद्रा सांय 6:08 तक है। आज सप्तमी का श्राद्ध है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 7:52 तक, चर 10:48 से 12:15 तक, लाभ-अमृत 12:15 से 3:11 तक, शुभ 4:38 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:24, सूर्यास्त 6:06

**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**धनु**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**मकर**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**कुंभ**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**मीन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

# महात्मा गांधी और हिन्दू धर्म

महात्मा गांधी हिन्दु धर्म की अनेक विशेषताओं से प्रभावित हैं, उन्हें इसमें अन्य धर्मों का सार तत्व नजर आता है। हिन्दू धर्म का सौन्दर्य इसकी सर्व व्यापी समग्रता (All embracing Inclusiveness) में निहित है। (यंग इंडिया 17 सितम्बर 1925) एक अमेरिकन के पूछे जाने पर कि वह हिन्दू क्यों हैं, उत्तर में गांधी ने कहा- "मैं यह पसन्द नहीं करता कि धर्मान्तरण हेतु किसी धर्म का प्रचार किया जाय, धर्म प्रचार की वस्तु नहीं है, यह जीवन में धारण करने की वस्तु है इसी प्रकार इसका प्रचार हो जाता है। हिन्दु धर्म आत्म केन्द्रित (Exclusive) धर्म नहीं है, यह केवल दूसरे धर्मों का सम्मान करना ही नहीं सिखाता बल्कि उनकी अच्छाईयों को ग्रहण करने भी आग्रह करता है। अहिंसा सभी धर्मों में मान्य है लेकिन इसकी सर्वाधिक अभिव्यक्ति और क्रियान्विति हिन्दू धर्म में मिलती है। मैं जैन और बौद्ध धर्मों को हिन्दु धर्म से पृथक नहीं मानता। हिन्दु धर्म केवल मनुष्य जाति की एकता की बात ही नहीं करता बल्कि समस्त प्राणियों को भी इसमें सम्मिलित करता है। (यंग इंडिया, 20 अक्टूबर 1927)

अहिंसक तरीकों से सत्य की खोज ही हिन्दू धर्म है। ईश्वर में विश्वास न करने वाला भी हिन्दू है। हिन्दू धर्म सभी धर्मों में सर्वाधिक सहिष्णु है। यंग इण्डिया - 24 अप्रैल, 1924

मैं हिन्दू शास्त्रों से प्रभावित हूँ लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि उनमें लिखी हर बात को स्वीकार करूं। बड़े से बड़े विद्वान द्वारा लिखी हुई शास्त्रों की व्याख्या को मानने के लिये भी मैं तैयार नहीं हूँ। हिन्दू धर्म में विश्व के सभी पैगम्बरों की पूजा करने का भी स्थान है। यह मिशिनरी धर्म नहीं है।" यंग इंडिया 6 अक्टूबर 1921

हिन्दु धर्म गतिहीनता (Stagnation) को नापसन्द करता है। ज्ञान अपरिमित है और ऐसी ही है सत्य की क्रियान्विति। यंग इंडिया - 8 अप्रैल, 1926

गांधीजी वेदों, उपनिषदों, स्मृतियों, पुराणों आदि हिन्दू शास्त्रों में निहित ज्ञान से प्रभावित है लेकिन एक श्लोक के अध्ययन से चमत्कृत हैं वह इसे हिन्दु धर्म का सार मानते है यह ईशापनिषद का यह श्लोक है:-

**ईशावास्यमिंद सर्व यातकिंच जगत्यां जगत।**

**तेन त्यक्तेिन भुंजीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्**

अर्थात्-ईश्वर इस जगत का मालिक है, अतः सब कुछ उसे समर्पित कर दो और जो उसने प्रदान किया है उसका उपभोग करो और अन्य किसी भी सम्पदा पर कुदृष्टि मत रखो।

गांधीजी ने तो यहाँ तक कह दिया है कि ईशापनिषद का यह प्रथम श्लोक ही हिन्दुधर्म को सदा के लिए जीवित रखने के लिए पर्याप्त है। गांधीजी ने 17 जनवरी 1937 को ट्रावनकोर में दिये हरिपद भाषण में इसको स्पष्ट करते हुये बताया कि विश्व में जो कुछ है उस पर स्वामित्व भाव न हो, जो तुम्हारी आवश्वकता है उतना ही ग्रहण करो। 'कृष्णार्पणमस्तु' अर्थात् सब कुछ कृष्ण (ईश्वर) को अर्पित है। हिन्दु धर्म के सार के रूप में उन्होंने यही माना है कि किसी वस्तु के उपभोग का अधिकार त्याग करने पर ही संभव है, त्याग तो हमारे स्वयं के अस्तित्व, हमारी आत्मा हेतु परमावश्यक है। जो तुम्हारी नहीं है, उसकी लालसा मत रखो।

हिन्दू धर्म की विशेषताओं के बारे में गांधीजी ने बताया कि इसके जीवित रहने का एक बडा कारण इसका आध्यात्म की ओर झुकाव है। आखिर कोई बात तो है जिसने इसे जीवित रखा है जबकि बेबोलिनियन, सीरियन, पर्सियन, इजीपटियन सभ्यताओं का पतन हो गया है। रोम और यूनान कहाँ है? निःसंदेह हिन्दुधर्म में अनेक विकृतियाँ आ गयी है लेकिन इसके जीवित रहने का मुख्य कारण यह है कि इसने आध्यात्मिकता को प्राथमिकता दी है। केवल मनुष्य तक ही नहीं इसने पशु पक्षियों, वनस्पति, प्रकृति से भी मनुष्य का तादातम्य जोड़ा है। गाय की पूजा इसका प्रतीक है। हिन्दु धर्म बीती हुई शक्ति अथवा मृत धर्म नहीं है। गांधी मानते हैं कि चतुर्वर्ण में अनेक विकृतियाँ आ गई हैं लेकिन यह एक अद्भुत व्यवस्था है जो विश्व में कहीं नहीं पायी जाती है। इस व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है न कि इसे नष्ट करने की।

सी.एफ इन्ड्रूज (C.F. Andrews) से चर्चा करते हुए गांधी ने कहा कि धर्म एक व्यक्तिगत मामला है, सभी धर्म समान हैं, सभी धर्मों के महापुरूषों की शिक्षाओं को समझा चाहिये, उनका आदर करना चाहिये, हमें सहिष्णु होना चाहिये। बलात् धर्म परिवर्तन निन्दनीय है। अपने-अपने धर्मों में बने रहना चाहिये। यही बात गीता में श्रीकृष्ण ने कही है- **स्वधर्मे निधनं श्रेयः पर धर्मो भयावह।** यहाँ स्वधर्म कर्तव्य के रूप मेंभी परिभाषित किया गया है। शिकागो में डिविनिटि स्कूल की प्रोफेसर वैन्डी डोनिगर ने हिन्दू धर्म पर बहुत अध्ययन किया है। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि हिन्दु धर्म अपने उदारवादी अनुयायियों के कारण सभी परिस्थितियों में ऊर्जावान बना रहता है।

यह सर्वविदित है कि महात्मा गांधी हिन्दु धर्म में व्याप्त विकृतियों, विसंगतियों, पर निर्मम प्रहार भी करते हैं। छुआ-छूत, ऊंच-नींच की कठोर शब्दों में भर्त्सना करते हैं जितना उन्होंने अछूतोद्धार के लिए किया वह अभिनन्दनीय है।

गांधीजी का एक यह वाक्य उनके सनातनी हिन्दू होते हुये भी अन्य धर्मों के प्रति उनके आदर भाव को कम नहीं करता। 'हिन्दू धर्म और उसके सौन्दर्य के प्रति मेरी आस्था.... अन्य धर्मों के प्रति मुझे भी पूर्वाग्रहित नहीं करती।' उनके दृष्टिकोण में हिन्दू धर्म समाजोन्मुखी, उदारवादी, नैतिक एवं समन्वयी है। यह मानवीयता से परिपूर्ण, बहुवादितापूर्ण, अन्य धर्मों के प्रति सहिष्णु एवं मतांधता से पूर्ण रूपेण विमुक्त है। गांधी के अनुसार हिन्दु धर्म की एक बहुत बड़ी विशेषता यह है कि यह न केवल अन्य धर्मों का आदर करता है बल्कि उनके सार्थक तत्वों कों स्वीकार भी करता है। सनातन धर्म शब्द का प्रयोग उनके सार्थक तत्वों को स्वीकार भी करता है। सनातन धर्म शब्द का प्रयोग इसे परम्परागत संस्कृत संप्रदाय तक सीमित नहीं करता बल्कि उसके निहित प्रवृतियों को उजागर करता है। गांधी इसे मात्र वेद और उपनिषद पर आधारित करके नहीं देखते बल्कि अर्वाचीन काल से उसके प्रगत्यात्मक विकास के चरणों को नापने का भी प्रयास करते हैं।

विनम्रता गांधी का एक विशिष्ट गुण रहा है। रोमां रोला ने तो उन्हें दूसरा ईसा मसीह बताया है और यहाँ तक कह दिया कि विनम्रता में तो वह ईसा मसीह से भी आगे हैं।

**–प्रो. के. एल. कमल,**
**पूर्व कुलपति,**
**राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।**

# शाला दर्पण शिक्षक एप से नहीं लगेगी शिक्षकों व विद्यार्थियों की हाजिरी

## माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर ने आदेश जारी कर आगामी आदेश तक एप से ऑनलाइन हाजिरी स्थगित की

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले व प्रदेश के उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी विद्यालयों में शाला दर्पण शिक्षक एप से ऑनलाइन हाजिरी आगामी आदेश तक स्थगित कर दी गई है। एप से हाजिरी का आगाज दो अक्टूबर से किया गया था। मगर पहले ही दिन कई तरह की तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विद्यालयों में शिक्षक स्वयं की तथा विद्यार्थियों की एप से हाजिरी लगाने के लिए माथापच्ची करते रहे। प्रदेश भर में सैकड़ों विद्यालयों में हाजिरी लग भी नहीं सकी थी। ऐसे में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर ने मंगलवार को आदेश जारी किया कि आगामी आदेश तक शाला दर्पण शिक्षक एप से ऑनलाइन हाजिरी स्थगित की जाती है।

आदेश में बताया गया कि एनआईसी जयपुर से प्राप्त सूचना के अनुसार तकनीकी कारणों के चलते एप पर उपस्थिति की कार्यवाही स्थगित की जाती है। एप से हाजिरी की प्रक्रिया का शिक्षक संगठन भी विरोध कर रहे हैं। कई संगठनों ने आंदोलन शुरू करने की भी चेतावनी दे रखी थी। शिक्षक संगठन इस प्रक्रिया का उलझाने वाली और अध्यापन कार्य प्रभावित करने वाली बताकर प्रारंभ से ही विरोध कर रहे थे। एक बार प्रक्रिया स्थगित करने का यह भी एक प्रमुख कारण माना जा रहा है।

- **शिक्षक संगठनों के विरोध, अधिक समय लगने, नेटवर्क समस्या आदि के चलते निर्णय लिया**
- **शिक्षक संगठन इस प्रक्रिया का उलझाने वाली और अध्यापन कार्य प्रभावित करने वाली बताकर प्रारंभ से ही विरोध कर रहे थे एक बार प्रक्रिया स्थगित करने का यह भी एक प्रमुख कारण माना जा रहा है**

शिक्षक संगठनों के अनुसार कर्मचारी उपस्थिति रजिस्टर, शाला दर्पण पोर्टल पर उपस्थिति और अब शाला दर्पण शिक्षक एप पर उपस्थिति, एक ही कार्य को तीन जगह करना अव्यवहारिक और औचित्यहीन है। शिक्षकों व विद्यालयों को अनावश्यक प्रयोगशाला बनाना उचित नहीं है। यह प्रयोग बन्द कर विद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने पर ध्यान देना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट नेटवर्क बड़ी परेशानी है। प्रदेश के कई गांवों में इंटरनेट नेटवर्क नहीं होने से एप पर हाजिरी दर्ज करने में शिक्षकों को परेशानी होगी। ऑनलाइन हाजरी के फेर में पहले पीरियड का समय यूं ही बर्बाद होने से शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होगी। राज्य सरकार ने पिछले दो-तीन साल में कई विद्यालय क्रमोन्नत किए हैं। हालांकि तुलनात्मक रूप से हनुमानगढ़ जिले में क्रमोन्नत विद्यालयों की संख्या अन्य कई जिलों से कम ही रही है।

# 24 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक निकाह सम्पन्न

## नवविवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप घरेलू सामान दिये गये

**भीलवाड़ा, (निसं)।** अल्फिया कन्फेक्शनरी की और से आयोजित निःशुल्क विवाह समारोह श्याम लाल नक्कड अम्बर कन्फेक्शनरी इंदोर की अध्यक्षता व अक्षय त्रिपाठी जिला कांग्रेस अध्यक्ष के मुख्य अतिथ्य में अंजुमन सीनीयर सैकण्डरी स्कूल में 24 जोड़ों का निकाह शहर काजी मुफ्ती अशरफ जिलानी अजहरी के सानिध्य मे सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

अल्फिया कन्फेक्शनरी के हाजी अहमद हुसैन मसुरी (टोस वाले) चांदेड, मोहम्मद अली, हाजी आरिफ मोहम्मद ने आये हुये मेहमानों का इस्तकबाल किया। सामूहिक विवाह में अल्फिया कन्फेक्शनरी की तरफ से नवविवाहित जोडो को उपहार स्वरूप चांदी की पायजेब, पलंग, अलमारी व घरेलू सामान उपहार के रूप में दिये गये। 24 सामूहिक जोड़ों में से माहिनूर मंसूरी द्वारा मक्का मदीना की उमराह की लॉटरी निकाली जिसमें 23 नम्बर जोड़े को उमराह फर्म की और से निःशुल्क यात्रा होगी। सम्मेलन में राजस्थान, इन्दौर, खण्डवा, अहमदाबाद, मुम्बई, कानपुर सहित स्थानीय जयपुर, नसीराबाद, मकराना, बोरावड की खेडा टीमों की ओर से हाजी अहमद हुसैन, मोहम्मद अली व हाजी आरिफ की हौसला अफजाई गुलपोशी, दस्तारबंदी करके की गई। मसूरी चांदेड परिवार की ओर से मेहमान नवाजी की गई। अखिल भारतीय मंसूरी समाज के अध्यक्ष हाजी शफी मोहम्मद मंसूरी, प्रदेश महामंत्री हाजी जमालुदीन, प्रदेश सचिव मुश्ताक अली मंसूरी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अरशद अमन भी सम्मेलन की कामयाबी पर अहमद हुसैन व मोहम्मद अली का सम्मान किया गया।

तेली बिरादरी और मंसूरी इस्तेमाई शादी कमेटी की ओर से स्मृति चिन्ह व माला पहनाकर इस्तकबाल किया गया। डॉ. मोहम्मद शफीक डिप्टी डायरेक्टर और नर्सिंग सुपरिडेन्ट एसएमएस जयपुर बदरूनिशा को शॉल ओढ़ाकर प्रशस्ती पत्र देकर सम्मेलन कमेटी की ओर से सम्मान किया गया। प्रदेश अध्यक्ष हाजी शफी मोहम्मद प्रदेश सचिव व जिला वक्फ बोर्ड खंजाची मुश्ताक अली मसूरी को भी सम्मानित किया गया। हाजी अब्दुल सलाम मंसूरी पूर्व नेता प्रतिपक्ष, हाजी इमामुद्दीन मंसूरी, हाजी बशीर मोहम्मद थेम, हाजी हबीब चौहान, हुसैन गोरी, हाजी अहमद गोरी, निजाम मंसूरी, हाजी उमर मसूरी, हाजी नबी अली गोरी, हाजी अख्तर मंसूरी, सोराब गोरी, शौकत चौहान, बल्लू गोरी कल्लू खत्री, उमर चांदेड, हाजी सोहेल, हाजी अकरम छिपा, हाजी हारून, सहित इनकी टीम के लोगों ने खिदमत देकर निकाह, नाश्ता, खाना व उपहार संबंधी कार्यों को जिम्मेदारी से पूरा किया। इनका सहयोग सराहनीय रहा। हाजी अहमद हुसैन मंसूरी, मोहम्मद अली व हाजी आरीफ मंसूरी परिवार की ओर से सम्मानित किया गया।

# शाहपुरा में बारहठ बंधुओं के पैनोरमा निर्माण का भूमि पूजन किया

## 10 माह में 4 करोड़ की लागत से बनेगा ऐतिहासिक भवन

**भीलवाड़ा/शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा में क्रांतिकारी बारहठ बंधुओं के पैनोरमा निर्माण के प्रशासनिक भवन के लिए बुधवार को भूमि पूजन किया गया। राजस्व मंत्री रामलाल जाट के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह के दौरान आईएएस व राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के सीईओ शाहपुरा जिला कलेक्टर टीकम चंद बोहरा भूमि पूजन में शामिल हुए। राज्य सरकार की ओर से बजट में घोषित बारहठ पैनोरमा के निर्माण से युवा पीढ़ी केसरीसिंह, जोरावर सिंह, प्रतापसिंह बारहठ के स्वतंत्रता संग्राम में भागीदारी व उनके इतिहास को जान पाएंगे। राज्य सरकार द्वारा राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अंतर्गत 4 करोड़ की लागत से पैनारोमा निर्माण की घोषणा की गई। जिसका भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।



**राजस्व मंत्री रामलाल जाट एवं शाहपुरा कलेक्टर टीकम चंद बोहरा के सानिध्य में भूमि पूजन की रस्म अदा की गई।**

इस भूमि पूजन कार्यक्रम में राजस्व मंत्री रामलाल जाट एवं राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व आईएएस शाहपुरा कलेक्टर टीकम चंद बोहरा के सानिध्य में भूमि पूजन की रस्म अदा की गई। मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि आजादी की लड़ाई में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सेनानियों की प्रेरणा से ही सशक्त व विकसित भारत का निर्माण होगा। शाहपुरा के बारहठ परिवार में देशभक्ति का जज्बा कूट कूट कर भरा था। यह परिवार देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिये स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे। उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान, व्यक्तित्व और आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन में चरित्र और नैतिक मूल्यों के गुणों को आत्मसात करें। यह पर्व राष्ट्रीय एकता, शांति और सदभाव की भावना को सुदृढ़ करने का अवसर है। उन्होंने युवाओं से देश और प्रदेश के विकास और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया है। राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानियों के मूल्यों, आदर्शों व सिद्धान्तों को आत्मसात करना हम सभी का कर्तव्य है। भारत के प्रजातंत्र की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में हमारे देश ने एक अतुल्य शासन प्रणाली प्रस्तुत किया है। कहा कि हमारे प्रजातंत्र में विरोधियों के मुद्दों को भी आत्मसात करने की विलक्षण क्षमता है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में जिला के स्वतंत्रता सेनानियों, साहित्यकारों व आम लोगों की अग्रणी भूमिका रही है।

इस पैनोरमा में बारहठ परिवार के इतिहास, उनके द्वारा किये आंदोलन, देश को आजादी दिलाने में उनका योगदान सहित जानकारियां उपलब्ध कराई जाएगी। बारहठ परिवार से जुड़ी वस्तुओं की भी प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

## आपराधिक केस वाले की पीआईएल पर सुनवाई से इनकार

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण मामले में कहा है कि जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता के खिलाफ कई आपराधिक प्रकरण लंबित चल रहे हों और वह आपराधिक कार्रवाई का सामना कर रहा हो तो उसकी ओर से दायर जनहित याचिका का परीक्षण नहीं किया जा सकता।

वहीं अदालत ने ऐसे व्यक्ति की ओर से दायर जनहित याचिका को दस साल बाद खारिज कर दिया। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने यह आदेश अशोक पाठक की ओर से दायर जनहित याचिका को खारिज करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि यह जनहित याचिका ऐसे व्यक्ति ने दायर की है, जो पहले से ही आपराधिक प्रवृत्ति का है और याचिका दायर करते समय उसके खिलाफ चार आपराधिक प्रकरण लंबित थे। ऐसे में उसकी ओर से जनहित याचिका में उठाए गए मुद्दों का जनहित के आधार पर परीक्षण नहीं किया जा सकता।

मामले के अनुसार याचिकाकर्ता ने वर्ष 2013 में जनहित याचिका दायर की थी। जनहित याचिका में अलवर के पूर्व राजपरिवार सदस्यों पर आरोप लगाया था कि वे अलवर के कुशालगढ में वर्ष 2005 में सीलिंग एक्ट में जब्त जमीन पर अवैध तरीके से होटल चला रहे हैं।

इसके अलावा होटल चलाने के लिए बिजली विभाग ने भी उन्हें कम डिमांड राशि पर बिजली कनेक्शन जारी किया है। वहीं होटल में आबकारी कानून लाइसेंस लिए बिना ही शराब परोसी जा रही है। इसलिए सीलिंग एक्ट में जब्त जमीन पर अवैध तरीके से चलाए जा रहे होटल का संचालन बंद करवाया जाए। जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अब खंडपीठ ने याचिकाकर्ता के आपराधिक प्रवृत्ति का होने के आधार पर याचिका को खारिज कर दिया है।


**श्रद्धासुमन**



**स्व. श्रीमती कुसुम खन्ना**

*मीठी मधुर स्मृतियां आपकी, कभी मिट नहीं पायेंगी।*

आपका व्यवहार आपकी बोल, सदैव हमें याद आयेगी।।

श्रद्धावनत- मनीष खन्ना-सुपर्णा खन्ना एवं समस्त परिवार।

**पुण्यतिथि-स्मरण**



**स्व. श्रीमती सन्तोष मल्होत्रा**

धर्मपत्नी वेद प्रकाश मल्होत्रा

**"माँ"**

आपके प्रेरणादायी जीवन एवं निःस्वार्थ सेवा प्रवृत्ति की मधुर स्मृतियों को शत् - शत् नमन

श्रद्धावनत- समस्त परिवारजन

**उठावना**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी प्रिय **श्रीमती सुनीता बालिया** (धर्मपत्नी ज्ञान चंद बालिया) का आकस्मिक निधन 02.10.2023 को हो गया है। उठावना 05.10.2023 गुरुवार को सांय 4:00 से 4:30 बजे सुबोध पब्लिक स्कूल, दुर्लभ जी हॉस्पिटल के पास, रामबाग सर्किल पर रखा गया है।

**शोकाकुल**- छगनराज- शकुंतला (जेठ-जिठाणी) स्व. प्रकाश चंद- पूर्णिमा, राजेंद्र कुमार- स्व. रेणु (देवर-देवरानी), कल्पना (पुत्री), सुषमा- सौरभ नवलखा, (पुत्री- दामाद) अर्णव, अर्हन (दोहिते), रोशन, पारुल- सौरभ (भतीजा बहू- भतीजा) गीतिशा (पौत्री) एवं समस्त बालिया परिवार। मैना देवी- भीमराज कावेड़िया (ननंद-नंदोई), प्रीति- विनोद रेड, नीतू- उपनीश सेठ, प्रियंका- मनीष मोदी, शानू- मनीष चौरड़िया (भतीजी- जंवाई), प्रमिला- हरीश नाहर, निर्मला- हितेश नाहर, मनीषा- कमलेश सोलंकी, रेणु- महावीर परमार (भाणजी- जवांई), पीहर पक्षः- स्व. लाभचंद जी, सौभागमल, शांतिलाल, जवरी लाल (भाई), राजीव, संजीव, अंकुर एवं नितेश नाहर परिवार (ब्यावर वाले)

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**


# तुष्टिकरण के खिलाफ बड़ी चौपड़ पर सामाजिक एकजुटता का महाप्रदर्शन

**जयपुर।** दुर्घटना को सांप्रदायिक रंग देने और असामाजिक तत्वों द्वारा चारदीवारी के बाजारों में लूटपाट के विरोध में जयपुर बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले सर्व हिन्दू समाज ने संतों की अगुवाई में बुधवार को बड़ी चौपड़ पर महाधरना दिया। इसमें हजारों हिन्दू समाज के लोगों ने तेज धूप के बावजूद सड़कों पर बैठकर शांतिपूर्वक धरना दिया। भगवा ध्वज और तिरंगा झंडा लहराते हुए लोगों के समूह कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व ही बड़ी चौपड़ की ओर बढ़ने लगे। धरने में शामिल लोग तुष्टिकरण बंद करो, आंतकियों को बाहर भगाओ, आवाज दो हम एक है, छोटीकाशी की पहचान सौहार्द्र, संस्कृति और नारी सम्मान लिखी तख्तियां लेकर पहुंचे। भारत माता और जय श्रीराम के नारों ने माहौल में जोश बनाए रखा।

> ■ **सात दिन में बाजारों में उपद्रव मचाने वाले और सड़क दुर्घटना को मॉब लिचिंग का रूप देने वालों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो पूरे जयपुर बंद की चेतावनी दी**



**जयपुर बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले सर्व हिन्दू समाज ने संतों की अगुवाई में बुधवार को बड़ी चौपड़ पर तेज धूप के बावजूद सड़कों पर बैठकर शांतिपूर्वक धरना दिया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ संतों के उद्बोधन और देशभक्ति गीतों के साथ हुआ। मंच से पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता करने और विधिक मदद उपलब्ध करवाने की घोषणा के साथ चेतावनी दी गई कि सात दिन में बाजारों में उपद्रव मचाने वाले और सड़क दुर्घटना को मॉब लिचिंग का रूप देने वालों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो पूरे जयपुर बंद का आह्वान किया जाएगा। मुख्य वक्ता समाजसेवी हेमंत सेठिया ने कहा कि जयपुर में हमेशा से सामाजिक सौहार्द्र का वातावरण रहा है। सभी समुदाय और वर्ग सदियों से मिल जुल कर रहते आए हैं लेकिन दूसरे शहरों और राज्यों से लोग आकर यहां का माहौल बिगाड़ रहे हैं। शांति और सौहार्द्र सभी समुदायों और समाजों की सामूहिक जिम्मेदारी है। जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने कहा कि व्यापारी समाज कमजोर नहीं है। मुस्लिम समुदाय के समूहों में आपसी झगड़े के बाद दूसरे दिन पुरोहित जी के कटले और दड़ा बाजार को जबरन बंद करवाने, सामान फैंकने की घटना में लिप्त लोगों को गिरफ्तार कर सजा नहीं दी गई तो पूरे जयपुर को बंद किया जाएगा। हम यह भी जानते है कि एक घंटे भी बाजार बंद रहता है तो अरबों रूपए के राजस्व का नुकसान होता है लेकिन अपने अस्तित्व के लिए ऐसा करना हमारी मजबूरी है।

गुर्जर समाज के देवनारायण गुर्जर ने कहा कि समाज के वातावरण को खराब करने वाले और ऐसे तत्वों को संरक्षण देने वाले लोगों को सबक सिखाना होगा। भारत के टुकड़े करने और सनातन का विरोध करने वालों का अस्तित्व मिटाना होगा।

वाल्मीकि समाज के मनोज चांवरिया ने कहा कि आज प्रशासन और हिंदुओं और समुदाय विशेष में भेदभाव बरत रहा है। हिंदुओं के त्योहार मनाने पर अंकुश लगाया जा रहा है। सिख समाज के सरदार जसवीर सिंह, मातृशक्ति से मंजू वैष्णव, जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, रावणा राजपूत समाज के रणजीत सिंह सोडाला ने भी महाधरने को संबोधित किया। सर्व समाज हिंदू महासभा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश भाड़ेवाला, सिंधी समाज से चंद्र प्रकाश खेतानी, साहू समाज के श्याम साहू, मेहरा समाज से हनुमान सहाय मेहरा, यादव समाज से मुकेश यादव, श्री राजपूत करणी सेना के प्रताप कालवी, विप्र सेना के अध्यक्ष सुनील तिवाड़ी सहित विभिन्न समाजों से जुड़े लोग अपने समाज के लोगों के साथ महाधरने में शामिल हुए। महाधरने में विभिन्न मठ-मंदिरों के संत-महंत-पीठाधीश्वर मंचस्थ थे। कौशल्या दास की बगीची के कानादास महाराज, सांवल दास बगीची के सियाराम दास महाराज, पापड के हनुमान जी के रामसेवक दास महाराज, अमरनाथ महाराज, राम कुटिया के कृष्ण दास महाराज, हाथोज के दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर के स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज, सरना डूंगर के परशुराम दास महाराज, बाल व्यास महाराज, आचार्य भावनाथ, मनीष दास, साध्वी समदर्शी के अलावा गीता गायत्री मंदिर के पंडित राजकुमार चतुर्वेदी, सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया काले हनुमान मंदिर के योगेश शर्मा सहित अनेक संत-महंत उपस्थित रहे। सरकार के समक्ष प्रमुख मांगे रखी गई। उनमें से दुर्घटना के बाद वीडियो में हरे कपड़े में एक युवक खुद को मंसूरी बताते हुए दिख रहा है। उसी व्यक्ति ने इकबाल की हथियार से हत्या की है, उसे गिरफ्तार किया जाए। हिंदू युवक गुंडा तत्वों से आत्मरक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन पर हत्या की धारा हटाकर आत्म रक्षा की धारा लगाई जाए। संपूर्ण मामले की निष्पक्ष जांच कर आठ निर्दोष लोगों को रिहा किया जाए। इस प्रकरण में दो जनप्रतिनिधियों की संलीप्तता की जांच हो। इकबाल के परिजनों को मॉब लिचिंग के नाम पर पचास लाख का मुआवजा दिया गया जबकि यह सत्य नहीं है। जांच रिपोर्ट नहीं आने तक या तो मुआवजा राशि वापस ली जाए या दुर्घटना और मॉब लिचिंग में मारे गए हिंदुओं के परिजनों को भी पचास लाख रूपए दिए जाए। जयपुर से बाहर आकर फुटकर व्यवसाय कर रहे थड़ी-ठेला वालों, ई रिक्शाचालकों के बैकराउंड की जांच करते हुए पहचान पत्र जारी किए जाए। शहर में रात्रि साढ़े दस बजे के बाद समूह में बैठने, तेज गति से बाइक चलाकर भय का माहौल बनाने वालों से जुड़ी सख्त गाइडलाइन बनाकर पालना करवाई जाए।




**धरने में जयपुर सांसद रामचरण बोहरा और महापौर प्रत्याशी कुसुम यादव सहित अन्य भाजपाई भी शामिल हुए।**

# पुलिस कमिश्नर ने संभाली कमान महाधरना शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

**जयपुर** (कासं)। सुभाष चौक में सड़क दुर्घटना को साम्प्रदायिक माहौल का रूप देने के विरोध में सर्व समाज की ओर से बड़ी चौपड़ पर दिए जा रहे महाधरने के दौरान एक बार तनाव की स्थिति बन गई। सैकड़ों युवा धरना स्थल से रामगंज बाजार की तरफ नारेबाजी करते हुए कूच कर गए।

> ■ **भीड़ उग्र हुई तो एडिशनल कमिश्नर कैलाश बिश्नोई, कुंवर राष्ट्रदीप व डीसीपी डोगरा ने सूझबूझ से रोका**
>
> ■ **भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सादावर्दी में पुलिसकर्मियों के गले में केसरिया दुपट्टा डालकर तैनात कर रखे थे**



**महाधरना के दौरान परकोटे में करीब डेढ़ हजार पुलिसकर्मी और बड़ी संख्या में एडिशनल डीसीपी, एसीपी, निरीक्षक तैनात रहे।**

हालांकि रामगंज बाजार के मुहाने पर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ और बड़ी चौपड़ पर रामगंज की तरफ एडिशनल कमिश्नर कैलाश बिश्नोई व कुंवर राष्ट्रदीप ने भीड़ को समझाने का प्रयास किया।

बड़ी चौपड़ महाधरना से भीड़ रामगंज बाजार के मुहाने पर लगे पुलिस वेरिकेड्स तक पहुंच गई और रामगंज बाजार की तरफ जाने के लिए पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की करने लगी, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ भीड़ में उग्र युवाओं को समझाते हुए बड़ी चौपड़ की तरफ धकेला। करीब आधे घंटे तक तनाव की स्थिति बनी रही। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ शुरू होने पर सभी युवा शांत हुए और हनुमान चालीसा के पाठ करने लगे। क्षेत्र की डीसीपी राशि डूडी डोगरा चारों तरफ की कमान संभाले हुए थी। पुलिस की सूझबूझ के कारण महाधरना शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ।

महाधरना समापन के बाद बड़ी संख्या में रामगंज की तरफ पैदल रवाना हो गई। इस दौरान रामगंज बाजार में बिजली के पोल पर लगा एक धार्मिक ध्वज को एक युवक उतारने का प्रयास करने लगा। तभी करीब 100 मीटर दूर खड़े पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ अकेले ही दौड़ लगाते हुए युवक को पकड़ा। इसके बाद अन्य पुलिस बल वहां पहुंचा और युवाओं को समझकर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सादावर्दी में पुलिसकर्मियों के गले में केसरिया दुपट्टा डालकर तैनात कर रखे थे। भीड़ रामगंज की तरफ जाने लगी तो इन पुलिसकर्मियों भीड़ को अपने मनमुताबिक डायवर्ट भी किया। पुलिस ने महाधरना को देखते हुए बड़ी चौपड़ पर जाने वाले बाजारों में जौहरी बाजार को सांगानेरी गेट, हवामहल बाजार में चांदी की टकसाल और त्रिपोलिया बाजार में चौडा रास्ता के पास बैरिकेड्स लगाकर वाहनों के लिए रास्ता बंद कर दिया था। यहां से लोगों को पैदल महाधरना स्थल जाने की व्यवस्था की गई।

वहीं साम्प्रदायिक माहौल न बिगड़े इसके लिए बड़ी चौपड़ से रामगंज चौपड़ के बीच में चार जगह बैरिकेड्स लगा रखे थे। घाटगेट बाजार, सूरजपोल बाजार व रामगंज चौपड़ से चार दरवाजा जाने वाले मार्ग पर भी वेरिकेड्स लगाए गए। ताकि दोनों तरफ से भीड़ बेरोकटोक न आ-जा सके। महाधरना को देखते हुए परकोटे में करीब डेढ़ हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। इसके अलावा बड़ी संख्या में एडिशनल डीसीपी, एसीपी, निरीक्षक लगाए गए।



**धरने के दौरान परकोटे के बाजार बंद रहे।**

# कांग्रेस सचिवों को प्रभार वाली सीटों पर जिम्मा संभालने के निर्देश

## लेकिन सचिवों का ध्यान तो खुद की दावेदारी पर है, वह प्रभार वाले क्षेत्रों में जाएंगे कैसे?

**जयपुर,** (का.प्र.)। राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव में टास्क देने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और वार रूम कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुमार सेंथिल ने प्रदेश कांग्रेस के सचिवों की बैठक बुलाई और टास्क दिया गया कि सभी सचिव अपने-अपने प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्र में जाकर आज से ही जुट जाएं।

यहां कांग्रेस में समस्या यह है कि पहली बार सचिव बनने वाले लगभग सभी नेता कहीं ना कहीं से खुद दावेदारी कर रहे हैं। ऐसे में जब तक टिकट का फैसला ना हो जाए उनका मन अपने प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्र के बजाय अपनी ही दावेदारी पर अटका हुआ है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस की पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने के बाद जब नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, तो उसमें 121 सचिव बनाकर बंपर नियुक्तियां कर दी गई। इन नियुक्तियों में इतनी बड़ी संख्या का सामने आना पार्टी को इसलिए सुखद लग रहा था कि ज्यादा लोग पदों पर होंगे, तो वह चुनाव के समय संगठन का काम बखूबी करेंगे। यहां हुआ यह कि जैसे ही टिकटों की दावेदारी की बात आई, वैसे ही पहली बार सचिव जैसे पद पर आने वाले, वे नेता जो कभी जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी में भी नहीं रहे थे, में से अधिकांश ने टिकटों की दावेदारी कर दी। कई विधानसभा क्षेत्र तो ऐसे हैं, जहां से तीन-तीन सचिवों ने टिकट की दावेदारी जता रखी है। ऐसे में उन सचिवों का पूरा ध्यान सिर्फ अपनी दावेदारी मजबूत करने में लगा हुआ है और वह उन प्रभार वाले क्षेत्र से दूरी बनाए हुए हैं, जहां की जिम्मेदारी देकर प्रदेश कांग्रेस संगठन मान रहा था कि सचिव पार्टी के लिए चुनाव का अच्छा फीडबैक तैयार करके लाएंगे। बुधवार को हुई वार रूम कमेटी की बैठक में सचिवों को बुलाकर उन्हें चुनावी मंत्र दिया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जहां सचिवों से कहा कि मैं अध्यक्ष हूं ,लेकिन लोगों के बीच बैठकर संगठन का काम करता हूं। मुझे अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठे रहने का कोई शौक नहीं है। वही कमेटी के अध्यक्ष बनाए गए सुनील कुमार सेंथिल ने कर्नाटक फार्मूला समझने का प्रयास किया कि किस तरह से कांग्रेस ने वहां जीत दर्ज की थी।

# मृत हैड कांस्टेबल का बर्खास्तगी आदेश अवैध

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने रिश्वत मांगने की ऑडियो क्लिप के चलते बर्खास्त किए गए हैड कांस्टेबल की सेवा समाप्ति के आदेश को अवैध ठहराते हुए रद्द कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि वह मृत हैड कांस्टेबल को मिले अंतिम वेतन के आधार पर बकाया वेतन और अन्य परिलाभ का भुगतान तीन माह में उसके आश्रितों को करे। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश हनुमान राम की याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि याचिका लंबित रहने के दौरान याचिकाकर्ता की मौत हो चुकी है। ऐसे में प्रकरण में पुनः जांच कराने या वापस बहाली का आदेश देने का कोई औचित्य नहीं है।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद की ओर से अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता अजमेर के नसीराबाद थाने में हैड कांस्टेबल था।


**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य द्वारा ग्राम भोजपुर भू अभिलेख क्षेत्र के पटवार हलका भोजपुर तहसील दूदू जिला जयपुर स्थित कृषि भूमि जिसका पुराना खाता संख्या 93 वह नया खाता संख्या 105 के खसरा संख्या 640 स्थित कुल क्षेत्रफल 0.93 हैक्टेयर में से 2529 हेक्टर भूमि को दिनांक 16.08.2023 को लिखित इकरारनामें द्वारा मैसर्स पी.एच.ए. बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड जरिये निदेशक हनुमान सहाय अग्रवाल पुत्र श्री ग्यारसी लाल अग्रवाल ने पवन सिंह चौहान पुत्र श्री सोमनाथ चौहान निवासी 95 मुरलीपुरा स्कीम जयपुर से क्रय करने का इकरार किया हुआ है तथा इस हेतु उन्हें अग्रिम राशि का भुगतान भी किया हुआ है अतः सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त कृषि भूमि को अथवा उसके किसी भाग को क्रय/विक्रय नहीं करें तथा नही खरीदने का इकरारनामा करें अन्यथा वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।
पृथ्वी सिंह, एडवोकेट, मो. 9882221779

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य द्वारा ग्राम भोजपुर भू अभिलेख क्षेत्र गेजी पटवार हलका भोजपुर तहसील दूदू जिला जयपुर राजस्थान में स्थित कृषि भूमि जिसका पुराना खाता संख्या 34 व नया खाता संख्या 209 है स्थित खसरा संख्या 1006/621, 620, 622 स्थित कुल क्षेत्रफल 2.9220हेक्टर भूमि को दिनांक 16.08.2023 को लिखित इकरारनामें द्वारा मैसर्स पी.एच.ए. बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड जरिये निदेशक हनुमान सहाय अग्रवाल पुत्र श्री ग्यारसी लाल अग्रवाल ने श्री जगदीश जनकल्याण एजुकेशन ट्रस्ट पंजीकृत पता मेहरा कॉलोनी, शिकोहाबाद (फिरोजाबाद) उत्तर प्रदेश जरिये अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री पवन सिंह चौहान पुत्र श्री सोमनाथ चौहान से क्रय करने का इकरार किया हुआ है तथा उक्त इकरारनामें के पेटे अग्रिम राशि का भुगतान भी किया हुआ है अतः सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त कृषि भूमि को अथवा उसके किसी भी भाग को क्रय ना करें तथा ना ही क्रय/विक्रय करने का इकरारनामा करें अन्यथा उसके वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।
दिनांक- पृथ्वी सिंह, एडवोकेट, मो. 9882221779

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/826 दिनांक-29.09.2023

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 5/20 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 262.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्रीमती नगीना पत्नी श्री लियाकत हुसैन को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5756-5760 दिनांक 16.03.1990 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 16.03.1990 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1675 दिनांक 28.03.1995 के द्वारा श्री थावर दास पुत्र श्री रेलूमल के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 30.03.1995 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री थावर दास की मृत्यु दिनांक 02.04.2016 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री चन्द्र प्रकाश दतवानी पुत्र स्व. श्री थावर दास ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वसीयतनामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री चन्द्र प्रकाश दतवानी पुत्र स्व. श्री थावर दास के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**PUBLIC NOTICE** Notice is hereby given on behalf of my/our client (i.e. ICICI Bank Ltd.), that the Original Property Papers (hereinafter collectively referred to as the "Documents") pertaining to the immovable property (more particularly described in under noted schedule) of its customer Mr. Hemraj regarding property at Residential Plot/House (Patta No. 12), Measuring 61.20 Sq. Mtr., Situated at Village Jhar, Tehsil Bassi, District Jaipur, Rajasthan is missing & not traceable either at customer end or at Bank's end. My/our client is proceeding to take necessary action including applying to concerned authorities for issue of duly Certified Copies/ Certified True Copies/Duplicate Copies of the documents. Any person(s) coming into possession of the aforesaid documents and/or any person(s) who is/are having knowledge of the whereabouts of the documents are hereby requested to inform the same at the above address within 30 days from date hereof. Public are warned not to deal with the documents and any person receiving or dealing with the said documents would do so at their own risk and responsibility (including criminal liability) and my/our client shall not be liable in any manner whatsoever for any loss incurred by such person(s) on account of any such unauthorized dealing.
Schedule: Original sale deed dated 30.11.1999 executed by Mr. Shivram in favour of Mr. Hemraj registered before Sub Registrar Bassi (Jaipur) along with site plan.
Place: Jaipur
Date: 04.10.2023 **Pulkit Garg & Associates**
MZ-4, Alankar Tower, D-157 A/C, Kabir Marg, Banipark, Jaipur-302016. Mob. 9828084002

**सूचना**
**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने मेरे पुत्र सौम्य पटवा व पुत्रवधु श्रीमती खुशी से किन्ही पारिवारिक कारणों से सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। कोई भी व्यक्ति इनसे किसी भी प्रकार का लेन-देन या व्यापार करने का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे परिवार का इनसे कोई सारोकार नहीं है। सनद रहे।**
दिनांक 04.10.2023 सुरेन्द्र कुमार पटवा पुत्र श्री जौहरी लाल पटवा
4/245, जवाहर नगर, जयपुर

**खोया पाया**

मेरे प्लाट नम्बर 3 ख 2 जवाहर नगर जयपुर की ओरिजनल परपयुचल डीड और कन्वेयंस डीड कहीं खो गई है मिलने पर सूचित करें। नाम माखन लाल अग्रवाल मो. 9352779353

मेरा प्लाट नंबर 69 की स्कीम खुशी संसार-4 (निजी खातेदार) के ओरीजनल जेडीए पट्टा, साइट प्लान, रसीद, स्टांप पेपर, विक्रय पत्र (रामस्वरूप जाट और मुकबुल हुसैन मंसूरी के बीच हुई) समस्त दस्तावेज़ खो गए है सुचित करे मुकबूल हुसैन मंसूरी-9829057680

मेरा प्लाट नंबर 67 की स्कीम खुशी संसार-4 (निजी खातेदार) के ओरीजनल जेडीए पट्टा, साइट प्लान, रसीद, स्टांप पेपर, विक्रय पत्र(रामस्वरूप जाट और मुकबुल हुसैन मंसूरी के बीच हुई) समस्त दस्तावेज़ खो गए है सुचित करे मुकबूल हुसैन मंसूरी-9829057680

मेरा प्लाट नंबर 68 की स्कीम खुशी संसार-4 (निजी खातेदार) के ओरीजनल जेडीए पट्टा, साइट प्लान,रसीद , स्टांप पेपर,विक्रय पत्र(बद्रीलाल चौधरी और मुकबुल हुसैन मंसूरी के बीच हुई) समस्त दस्तावेज़ खो गए है सुचित करे मुकबूल हुसैन मंसूरी-9829057680

भूखंड संख्या 155 कॉर्नर वाटिका इंफॉटिक सिटी का जे डी ए द्वारा जारी आवंटन पत्र, साइट प्लान व कब्ज़ा पत्र कही खो गए है मिलने पर सूचित करे विक्रम सिंह 6376143866

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम अश्वनी कुमार स्वामी से बदलकर अश्वनी भारद्वाज पुत्र श्री सत्यदेव रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता-ए-49, खादी कॉलोनी (हटवाडा रोड) अजमेर रोड जयपुर।

आर्मी नं. Army No. रैंक 16021369 NK हेमा राम आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी धर्मपत्नी नाम किरण दर्ज है, अन्य दस्तावेजों में किरण देवी दर्ज है आर्मी रिकॉर्ड में किरण से नाम किरण देवी करवाना चाहता हूँ शपथ पत्र दिनांक 20.09.2023 को बनवाया है।

मेरा नाम आज से पूर्व करणवीर सिंह पंवार पुत्र ओम सिंह पंवार था। जबकि वर्तमान में मेरा वास्तविक नाम आधार कार्ड, पेन कार्ड और अन्य दस्तावेजों के अनुसार करण वीर सिंह (Karan Veer Singh) पुत्र ओम सिंह पंवार अंकित है। अतः भविष्य में मुझे करण वीर सिंह पुत्र ओम सिंह पंवार फुलेरा के नाम से ही जाना जावें। स्थायी पता वार्ड नं. 18/315 हलवाई बाजार, फुलेरा जयपुर।

I have changed my name from Yogesh Kumar to Yogesh Kumar Jayaswal S/o Chothmal Jaiswal for all purpose; Resi:- D-138, Malviya Nagar, Jaipur

# ट्रक से टकराई स्लीपर बस, तीन लोगों की मौत, 24 यात्री घायल

## घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, दुर्घटना में बस के चालक परिचालक और एक यात्री समेत कुल तीन लोगों की मौत

**भरतपुर,** (निसं)। जयपुर-आगरा हाईवे पर भरतपुर के बरसो गांव के पास खड़े एक खराब ट्रक में स्लीपर कोच जा घुसी। दुर्घटना में बस के चालक-परिचालक और एक यात्री समेत कुल तीन लोगों की मौत हो गई। बस में सवार 24 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से आरबीएम जिला अस्पताल में पहुंचाया। शवों को अस्पताल मोर्चरी में रखवाया गया है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर जिला कलेक्टर लोकबंधु एवं एसपी मृदुल कच्छावा ने जिला आरबीएम अस्पताल पंहुचकर घायलों की कुशलक्षेम पूछी।

इस मौके पर जिला आरबीएम अस्पताल अधीक्षक डॉ जिज्ञासा साहनी, नर्सिंग अधीक्षक रनवीर सिंह मौजूद रहे। जिला कलेक्टर लोकबंधु ने अधीक्षक डॉ. जिज्ञासा साहनी को उचित दिशा निर्देश दिए। चिकसाना थाना प्रभारी विनोद कुमार मीणा ने



**हादसे में घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां जिला कलेक्टर लोकबंधु ( बाएं से पहले ) ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।**

बताया कि रात करीब दो बजे झुंझुनूं से एक स्लीपर कोच झांसी जा रही थी। बस भरतपुर से करीब पांच किलोमीटर दूर बरसो गांव के पास हाईवे पर खड़े एक खराब ट्रक से जा टकराई। दुर्घटना में झुंझुनूं निवासी चालक कमलेश

- **झुंझुनूं से एक स्लीपर कोच झांसी जा रही थी, भरतपुर से करीब पांच किलोमीटर दूर बरसो गांव के पास हुआ हादसा**

(40) और परिचालक बृजेंद्र (40) की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि बस में सवार ग्वालियर निवासी बंटी (22) की भी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस और अन्य वाहनों की मदद से आरबीएम जिला अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल घायलों का आरबीएम जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है जबकि शवों को मोर्चरी में रखवाया गया है। दुर्घटना में एक आईएएस सुनील राठौड़ और चिकित्साधिकारी भी घायल हुआ है।

# वृद्धा का मुंह दबाकर 40 लाख की नकदी व लाखों के जेवर लूटे

## 40 लाख की नकदी, छह किलो चांदी और 20 से 25 तोला सोना लूटा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर में चोर लुटेरों का आतंक बढ़ने लगा है। बुधवार

- **चार नकाबपोश लुटेरों ने दिनदहाड़े शहर में एक मकान को अपना निशाना बनाया**
- **लूट की घटना के बाद से पुराने भीलवाड़ा क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है**
- **घबराई महिला ने लुटेरों के मौके से निकलने के बाद शोर मचाया और आसपास के लोगों को इकट्ठा किया**

को लुटेरों ने दिनदहाड़े एक मकान को अपना निशाना बनाया और अकेली वृद्ध महिला का मुंह दबा 40 लख रुपए की नगदी सहित लाखों रुपए के सोने चांदी



**सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा बदमाश।**

के जेवरात लूट भाग निकले।

भीमगंज थाना पुलिस के मुताबिक पुराना भीलवाड़ा के तेजाजी चौक में रहने वाली 75 वर्षीय मेमुना बानो मंसूरी बुधवार दोपहर अपने घर पर अकेली थी। इस बीच चार नकाबपोश बदमाश उनके मकान में घुसे और बदमाशों ने महिला के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और घर की अलमारी के लॉकर में रखे 40 लाख नकद, छह किलो चांदी और 20 से 25 तोला सोना लूट कर फरार हो गए। घबराई महिला में लुटेरों के मौके से निकलने के बाद शोर मचाया और आसपास के लोगों को इकट्ठा किया। परिजनों के पहुंचने पर महिला भीमगंज थाने पहुंची और आपबीती बताई। फिलहाल पुलिस ने वारदात की जानकारी लेते हुए जिले में नाकाबंदी करवाई साथ ही सीसीटीवी फुटेज खंगाल आरोपियों की तलाश में लगी है। इधर घटना के बाद से पुराने भीलवाड़ा क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है।

# 25 हजार के इनामी को जोधपुर में दस्तयाब किया

**जोधपुर,** (का.सं.)। पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की स्पेशल टीम ने ब्यावर जिले के थाना रायपुर में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रूपयर के इनामी बदमाश को थाना माता का थान जोधपुर कमिश्नरेट इलाके से डिटेन कर स्थानीय थाना पुलिस को सौंप दिया। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जीतू प्रजापत पुत्र भोलाराम (25) विद्यानगर थाना माता का थान का रहने वाला है। आरोपी थाना रायपुर तत्कालीन जिला पाली हाल ब्यावर में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी पाली द्वारा 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

एडीजी एमएन ने बताया कि इसके

- **आरोपी के विरुद्ध जानलेवा हमला व आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज है**

बारे में क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल महेंद्र कुमार को सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना की तस्दीक के लिए आईजी प्रफुल्ल कुमार के सुपरविजन एवं एडिशनल एसपी राजेश मलिक के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर दयाराम चौधरी, हेड कांस्टेबल महेंद्र कुमार, राम अवतार एवं कांस्टेबल लोकेश निर्वाण की टीम गठित कर जोधपुर भेजी गई। क्राइम ब्रांच की टीम एक सप्ताह से आरोपी के पीछे लगी हुई थी। जोधपुर पहुंच आरोपी के बारे में सुराग जुटाए गए और सूचना पुख्ता होने पर थाना माता का थान इलाके से आरोपी को दबोच स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मामले की जानकारी संबंधित थाना रायपुर को दी जा चुकी है। आरोपी के विरुद्ध थाना रायपुर जिला ब्यावर में एनडीपीएस एक्ट, थाना महामंदिर आयुक्तालय जोधपुर पूर्व में डकैती, थाना माता का थान जोधपुर में एनडीपीएस एक्ट, थाना बाप जिला जोधपुर ग्रामीण में जानलेवा हमला व आर्म्स एक्ट के कुल 6 प्रकरण पूर्व से दर्ज है।

एडीजी ने बताया कि संपूर्ण कार्रवाई में हैड कांस्टेबल महेंद्र कुमार की विशेष भूमिका रही जबकि हेड कांस्टेबल रामावतार का तकनीकी सहयोग रहा। टीम का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर दयाराम चौधरी द्वारा किया गया, कांस्टेबल लोकेश निर्माण टीम के सदस्य थे।

# तीस साल से हार रही मालपुरा सीट पर इस बार कांग्रेस रचेगी इतिहास : अमृता धवन

**मालपुरा,** (निसं)। कांग्रेस एआईसीसी सचिव व राजस्थान कांग्रेस सह प्रभारी अमृता धवन ने बुधवार को मालपुरा पहुंचकर महेश सेवा सदन के एक बंद कमरे में मालपुरा विधानसभा सीट से दावेदारी जता रहे 37 दावेदारों से वन-टू-वन संवाद कर मालपुरा सीट जीतने के लिए तीन घंटे से अधिक समय तक गहन मंथन किया।

अमृता धवन का टोंक जिले की सीमा में प्रवेश के साथ ही शुरू हुआ स्वागत सत्कार का क्रम चौसला से मालपुरा तक जारी रहा। आदर्श नगर पहुंचने पर स्थानीय व युवा नेता गोपाल गुर्जर ने सैंकड़ों समर्थकों के साथ पुष्पवर्षा कर 31 किलो फूलों की माला व सूत से बनी खादी की माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं प्रदेश सह प्रभारी के समक्ष शक्ति प्रदर्शन कर इस बार मौका देने की मांग की। कांग्रेस

- **कांग्रेस एआईसीसी सचिव व राजस्थान सह प्रभारी अमृता धवन ने बंद कमरे में मालपुरा सीट से कांग्रेस टिकट के 37 दावेदारों से संवाद किया**
- **प्रदेश सह प्रभारी के सामने समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन करने व स्वागत करने में विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय दावेदारों का बोलबाला रहा**

टिकट की दौड़ में शामिल अवधेश शर्मा ने चौसला में 21 किलो की माला पहना समर्थकों के साथ स्वागत किया। जयपुर रोड पर पीसीसी सचिव व स्थानीय दावेदार जीएल चौधरी ने ब्लॉक अध्यक्ष कार्यालय के सामने सिंधोलिया माताजी शक्ति पीठ का छायाचित्र भेंट कर समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन व स्वागत किया। वहीं भंवर मुवाल ने भी समर्थकों के साथ दावेदारी जताई। प्रदेश सह प्रभारी के सामने समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन करने व स्वागत करने में विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय दावेदारों का बोलबाला रहा। बंद कमरे में दावेदारों से वन-टू-वन संवाद के दौरान कुल 37 दावेदारों ने मालपुरा सीट जीतने के लिए अपने-अपने समीकरण बताकर जीत का दावा किया। प्रदेश सह प्रभारी धवन ने कहा कि 30 साल से हार रही मालपुरा सीट पर जिताऊ प्रत्याशी चयन को लेकर एआईसीसी व पीसीसी गहन मंथन कर रही है। एक साल में संगठन स्तर पर करवाये गये आधा दर्जन सर्वे रिपोर्ट तथा वन टू वन संवाद के बाद संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के बाद ही प्रत्याशी का चयन होगा।

मालपुरा को जिला बनाने को लेकर बीते दिन पीसीसी उपाध्यक्ष रामबिलास चौधरी के बयान व दावे के सवाल पर अमृता धवन ने कहा कि, गहलोत सरकार ने एक साथ 19 जिले बनाकर एक इतिहास रचा है। मालपुरा सीट पर 30 साल से मिल रही हार को इस बार निश्चित जीत में बदल कांग्रेस पार्टी एक नया इतिहास रचेगी। इस बार प्रदेश की 200 सीटों में मालपुरा सीट जीतने के लिए आलाकमान पंचायत के अन्तिम छोर पर बैठे कार्यकर्ता से रायशुमारी के बाद ही प्रत्याशी चयन करेगी। प्रदेश में लगातार भाजपा प्रत्याशी जीतने वाली सीटों को इस बार कांग्रेस के खाते में लाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने जो रणनीति बनाई है उसी के तहत राजस्थान में पुनः कांग्रेस की सरकार बनेगी।

मालपुरा को जिले की सौगात व मालपुरा सीट पर गठबंधन सहित कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के सवाल पर धवन ने कहा कि यह फैसले आलाकमान के हाथ में है। आज टिकट की दावेदारी के साथ गोपाल गुर्जर ने मालपुरा को जिला बनाने की घोषणा करने पर 30 साल की हार को जीत में बदल 50 हजार से अधिक मतों से कांग्रेस की जीत का दावा किया। वन टू वन संवाद के दौरान अमृता धवन की गोपाल गुर्जर की हुई सबसे लम्बी मंत्रणा संगठन व विधानसभा क्षेत्र मे चर्चा का विषय रही।

# गैंगस्टर रोहित गोदारा को हथियार सप्लाई करने वाला नेपाल बोर्डर से गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपी का पांच किलोमीटर पीछा किया तब जाकर पकड़ में आया

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर सेंट्रल जेल से फरार डकैती और हत्या की संगीन वारदात के अपराधी को जीणमाता पुलिस ने बिहार में नेपाल सीमा के पास से गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी का करीब पांच किलोमीटर कर पीछा कर तब जाकर वह पकड़ में आया। आरोपी नेपाल से प्रदेश के गैंगस्टर रोहित गोदारा को हथियारों की सप्लाई कर रहा था। अभियुक्त बीकानेर के हीरा कारोबारी कमलचंद बोथरा हत्याकांड और डकैती के मामले में आजीवन सजायाफ्ता अभियुक्त है।

- **बीकानेर पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 40 हजार का इनाम घोषित कर रखा था**
- **आरोपी कुछ साल पहले बीकानेर केन्द्रीय कारागार से पैरोल पर फरार हो गया था**

पुलिस अधीक्षक पारिस देशमुख ने बताया कि बिहार के विनोद उर्फ दिलीप शाह पुत्र अच्छेलाल को बिहार में नेपाल सीमा से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम उसका पीछा करते हुए तकनीकी मदद से बिहार पहुंची। आरोपी को इसकी भनक लग गई। आरोपी नेपाल भागने की सोच कर सीमा की तरफ भागा लेकिन पुलिस जवानों ने करीब पांच किलोमीटर कर पैदल पीछा कर सीमा के पास से दबोच लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह गैंगस्टर रोहित गोदारा को हथियार सप्लाई कर रहा था। आरोपी विनोद बीकानेर के कोतवाली इलाके में साल 2011 में हुए डायमंड कारोबारी कमलचंद बोथरा हत्याकांड और डकैती के मामले में आजीवन सजायाफ्ता अभियुक्त है। आरोपी कुछ साल पहले बीकानेर केन्द्रीय कारागार से पैरोल पर फरार हो गया था। बीकानेर जिला पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 40 हजार का इनाम घोषित कर रखा है।

# रिश्वत लेते सरपंच गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। साबला पंचायत समिति अंतर्गत बोडीगामा बड़ा पंचायत के सरपंच को बांसवाड़ा एसीबी टीम ने 20 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। टीम एसीबी का नेतृत्व कर रहे अधिकारी विक्रमसिंह ने बताया कि बोडीगामा बडा पंचायत में तालाब में मछली पालन में दिए जाने वाले ठेके में परिवादी से 50 हजार की राशि बतौर रिश्वत के तौर पर सरपंच रमण द्वारा की गई थी मामला 40 हजार पर तय हुआ था। इधर परिवादी ने रिश्वतखोर सरपंच को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के हाथों पकडवाने के लिये शिकायत बांसवाड़ा भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में कर दी। योजना बनाते हुए बुधवार को टीम एसीबी ने साबला बस स्टेशन पर आरोपी सरपंच रमन को परिवादी से 20 हजार की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा।

# गौहर चिश्ती को जमानत से इनकार, याचिका खारिज

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने अजमेर दरगाह के बाहर नारेबाजी करने और सोशल मीडिया पर भड़काऊ भाषण का वीडियो वायरल कर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोपी सैयद हुसैन गौहर चिश्ती को राहत देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने आरोपी की जमानत याचिका को भी खारिज कर दिया है। वहीं अदालत ने निचली अदालत को कहा है कि वह प्रकरण की सुनवाई जल्दी पूरी करे। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश गौहर चिश्ती की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

गौहर चिश्ती की ओर से जमानत याचिका में कहा गया कि वह लंबे समय से जेल में बंद है और निचली अदालत

- **भड़काऊ भाषण का वीडियो वायरल कर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप**

में मामले की सुनवाई पूरी होने में समय लगने की संभावना है। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा किया जाए। जिसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता मनीष सिंघवी ने कहा कि याचिकाकर्ता ने भड़काऊ भाषण देकर सौहार्द बिगाड़ने का काम किया है। ऐसे में उसे जमानत नहीं दी जानी चाहिए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका को खारिज कर निचली अदालत को सुनवाई जल्दी पूरी करने को कहा है।

गौरतलब है कि गौहर चिश्ती पर आरोप है कि उसने 17 जून को अजमेर दरगाह के बाहर सिर कलम करने के नारे लगाए थे और उसके भाषण का वीडियो वायरल हो गया। इसके बाद ही उदयपुर में दर्जी कन्हैया लाल व महाराष्ट्र में उमेश कोल्हे की जघन्य हत्या हुई। पुलिस ने चिश्ती के खिलाफ आईपीसी की धारा 506, 504, 188, 149, 143, 117 व 115 सपठित 302 के तहत मामला दर्ज किया था। वहीं बाद में पुलिस ने उसे छापामारी कर चिश्ती को गिरफ्तार किया था।

# लापरवाही बरतने पर नौ पुलिसकर्मी सस्पेंड

**बीकानेर,** (कासं)। काम के प्रति लापरवाही बरतने और राजकार्य में रुचि नहीं लेने वाली बीकानेर रेंज की दो पुलिस चौकी के नौ पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं तीन थानेदारों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। बीकानेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश ने बताया कि पल्लू थाने की थानाधिकारी संतोष, लालगढ़ जाटान के थानाधिकारी एसआई सुरेन्द्र कुमार राणा, रामसिंहपुर थाने की थानाधिकारी रचना बिश्नोई को उनके कार्य में शिथिलता बरतने व सरकारी कार्य में रुचि नहीं लेने पर सस्पेंड कर दिया गया है। इनको हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ पुलिस लाइन में लगाया गया है।

अस्थाई पुलिस चैक पोस्ट साधुवाली पुलिस थाना जवाहर नगर के सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार, कांस्टेबल प्रताप सिंह हेड कांस्टेबल दयाराम, कांस्टेबल हनुमान सिंह, कांस्टेबल पवन कुमार को लापरवाही करने निलम्बित किया गया है। वहीं हनुमानगढ़ के टिब्बी थाने के सुरेवाला चौकी के सहायक उप निरीक्षक रायसिंह, हेड कांस्टेबल चानणराम, कांस्टेबल महेन्द्र कुमार, कांस्टेबल मनोज कुमार को भी कार्य में लापरवाही बरतने पर निलम्बित किया है।

भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे

- **साधुवाली पुलिस चौकी के पांच और सुरेवाला चौकी के चार पुलिसकर्मी सस्पेंड**

गांवों के थानों पर भी गश्त व अन्य कार्यों में लापरवाही पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। श्रीगंगानगर के जवाहर नगर थानाधिकारी पृथ्वीपाल, लालगढ़ जाटान के थानाधिकारी उप निरीक्षक सुरेन्द्र राणा पुलिस थाना टिब्बी के थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक फूलचन्द,संगरिया थानाधिकारी सीआई रामचन्द्र कस्वां, हनुमानगढ़ के ही भिरानी थानाधिकारी सीआई कविता पूनिया, हनुमानगढ़ के तलवाड़ा थानाधिकारी एसआई लालबहादुर, हनुमानगढ़ के गोगामेड़ी थानाधिकारी एसआई राधेश्याम, हनुमानगढ़ के फेफाना थानाधिकारी एसआई जगदीश प्रसाद को कार्य में लापरवाही बरतने पर 17 सीसीए के तहत नोटिस जारी किये गये हैं। इस तरह बीकानेर रेंज के 8 थानाधिकारी को 17 सीसीए चार्जशीट, 09 कार्मिको के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित होने के कारण निलम्बित व तीन थानाधिकारियों को लाईन हाजिर किया गया है

# सुजानगढ़ में राठौड़ गुट की संतोष मेघवाल का टिकट कटाने के लिए लामबंद हुए भाजपाई

## भाजपा में सुजानगढ़ सीट पर टिकट को लेकर फंसे पेंच के बाद कांग्रेस की स्थिति और मजबूत होते हुए नजर आ रही है

**सुजानगढ़,** (निसं)। भाजपा में सुजानगढ़ सीट पर टिकट को लेकर फंसे पेंच के बाद कांग्रेस की स्थिति और मजबूत होते हुए नजर आ रही है। जैसे ही बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल को पार्टी द्वारा टिकट देने की बात सामने आयी तो दो बार विधायक रहे व उपचुनाव में भाजपा से प्रत्याशी रहे खेमाराम मेघवाल, बीएल भाटी, चूरू जिला प्रमुख प्रतिनिधि रवि आर्य, विजय चौहान, राजेन्द्र नायक, गणेश मंडावरिया एकजुट होकर लामबंद होकर विरोध करते हुए पार्टी में अपने सामूहिक इस्तीफे सौंप दिये।

हालांकि किसी भी पदाधिकारी ने अपने लेटरपेड पर प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया। संतोष मेघवाल की खिलाफत करने जयपुर गये नेताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से कहा कि वे कांग्रेस से बागी होकर 2018 में निर्दलीय चुनाव लडकर भाजपा को नुकसान पहुंचाने वाली नेता के समर्थन में नही रहेंगे। दो दिनों से चले इस



अर्जुन मेघवाल



खेमाराम मेघवाल



संतोष मेघवाल

घटनाक्रम में भाजपा की काफी किरकिरी सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हुई। चाय की धडी व शहर की दुकानों पर इस घटनाक्रम के बाद चर्चा है कि अगर पार्टी अब संतोष मेघवाल को अपन प्रत्याशी बनाती है तो अन्य दावेदारी करने वाले नेता उनकी खिलाफत कर वोट काटने का काम करेंगे। जिसका सिधा फायदा आरएलपी व कांग्रेस को होगा।

हालांकि दो दिन के इस घटनाक्रम के बाद सुजानगढ़ एससी सीट पर केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल का नाम सुर्खियों में आ गया है। लेकिन सूत्र बताते है कि सुजानगढ़ सीट पर नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड ने संतोष मेघवाल के पक्ष में मजबूती से पक्ष रखा है। जिस कारण संतोष गुट भी अपनी टिकट पक्की मानकर रणनीति बनाने में जुट गया है। देखने वाली बात है कि टिकट की इस लडाई में कौन टिकट लाने में सफल साबित होता है। इस सीट पर कांग्रेस अपना प्रत्याशी वर्तमान विधायक मनोज मेघवाल पर ही दांव खेलेगी। जबकि आरएलपी में बाबूलाल कुलदीप व सीताराम नायक टिकट मांग रहे है।

**ये रहा सुजानगढ़ सीट का**

- **संतोष मेघवाल की खिलाफत करने वाले पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि वे निर्दलीय चुनाव लड़कर भाजपा को नुकसान पहुंचाने वाली नेता के समर्थन में नही रहेंगे**
- **घटनाक्रम के बाद सुजानगढ़ एससी सीट पर केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल का नाम सुर्खियों में आ गया है**

**परिणाम :-** एससी सीट सुजानगढ़ पर 2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के प्रत्याशी मास्टर भंवरलाल के पक्ष में 45.62 प्रतिशत मतदान हुआ था। भंवरलाल मेघवाल ने कुल 83206 मत प्राप्त किये थे। भाजपा प्रत्याशी खेमाराम मेघवाल ने 24.48 प्रतिशत कुल मत लेकर 44731 वोट हासिल किये। जबकि मास्टर भंवरलाल से बागी होकर विधानसभा चुनाव लड़ी संतोष मेघवाल के पक्ष में 21.06 प्रतिशत मतदान हुआ था। संतोष ने कुल 38603 वोट लिये थे। इसके बाद संतोष मेघवाल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर बीदासर पंचायत समिति की प्रधान बन गयी थी।

**उपचुनावों में भी कांग्रेस ने लहराया परचम :-** सुजानगढ़ सीट पर कांग्रेस विधायक, मंत्री दिवंगत मास्टर भंवरलाल मेघवाल के बेटे मनोज मेघवाल ने भाजपा उम्मीदवार खेमाराम मेघवाल को 35,611 वोटों से हराया था। मनोज मेघवाल को 79,253 वोट मिले। भाजपा उम्मीदवार खेमाराम मेघवाल को 43,642 वोट और आरएलपी के सीताराम नायक को 32210 वोट मिले थे।

# झोटवाड़ा एलिवेटेड पुलिया के आधे हिस्से का लोकार्पण आज

## अंबाबाड़ी नाले से झोटवाडा पुलिया के टी-पॉइंट तक आज से शुरू होगा यातायात

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** झोटवाड़ा एलिवेटेड पुलिया के आधे-अधूरे हिस्से का वर्चुअल लोकार्पण गुरूवार को यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल करेंगे। दरअसल अभी झोटवाड़ा श्मशान के सामने और खातीपुरा की ओर से पुलिया निर्माण का काम बाकी है, इसका काम विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पूर्व पूर्ण होना संभव नहीं है। ऐसे में फिलहाल अंबाबाड़ी नाले से झोटवाड़ा पुलिया के टी प्वाइंट (झोटवाड़ा थाने की ओर जाने वाली सड़क तक) के हिस्से की पुलिया का लोकार्पण करने का निर्णय लिया गया है। हालांकि इस आधी सड़क का लोकार्पण हो जाने से भी चौमूं पुलिया सर्किल और ट्राइटन मॉल के सामने लगने वाले भारी ट्रेफिक जाम से कुछ राहत मिलेगी। जेडीए प्रशासन यहां युद्धस्तर पर काम करके सड़क व अन्य काम पूरा करने में लगा है।



- चौमूं पुलिया सर्किल पर रोजाना लगने वाले ट्रेफिक जाम से हल्की राहत मिलेगी
- दिसंबर-2020 तक पुलिया निर्माण पूर्ण होना था, लेकिन एलिवेटेड प्रोजेक्ट के एलाइनमेंट के बीच आ रहे 642 मकान और दुकानों को शिफ्ट करने में बहुत समय लगा, जिसके कारण प्रोजेक्ट देरी से शुरू हुआ

देखा जाये तो झोटवाड़ा पंचायत समिति के पास से जहां एलिवेटेड रोड शुरू हो रही है, वहां से लेकर झोटवाड़ा सर्किल तक कुछ हिस्से का काम हुआ है और कुछ जगह पर पिल्लर निर्माण का काम चल रहा है। सबसे ज्यादा काम फिलहाल झोटवाड़ा श्मशान और उसके सामने की तरफ खातीपुरा की ओर से आ रही सड़क पर बाकी है। उधर विधानसभा चुनाव की आचार संहिता कभी भी लग सकती है, ऐसे में सरकार ज्यादा से ज्यादा प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास करके जनता को लुभाने का प्रयास कर रही है। हालांकि ये प्रोजेक्ट अभी अधूरा है, लेकिन विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वोटर्स को लुभाने के लिए इस अधूरे प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया जा रहा है।

इस लोकार्पण के बाद कालवाड़ रोड से आने वाला ट्रैफिक जो झोटवाड़ा की पुरानी पुलिया से चढ़कर बीच में टी-पॉइंट (निवारू रोड जंक्शन) पर नई एलिवेटेड रोड से मिलेगा। इस एलिवेटेड रोड से ये ट्रैफिक सीकर रोड पानीपेच तक जाएगा। इसी तरह निवारू रोड से आने वाला ट्रैफिक जो झोटवाड़ा पुलिया पर टी-जंक्शन पर आता है, वह भी इस एलिवेटेड रोड का प्रयोग करके पानीपेच की तरफ जा सकेगा, जबकि चौमूं पुलिया सर्किल (राव शेखा जी सर्किल) से लता सर्किल, कालवाड़ रोड जाने वाला ट्रैफिक वर्तमान झोटवाड़ा ब्रिज का पर पहले की तरह संचालित होगा।

मजेदार बात यह है कि चौमूं पुलिया सर्किल पर भी सड़क चौड़ी करने का काम फिलहाल नहीं हो पाया है, वहीं अंबाबाड़ी नाले पर जहां पुलिया खत्म होगी, वहां भी बांयी तरफ बने प्राइवेट बसों के बाड़े के कारण सड़क संकरी बनी हुई है, जहां रोजाना ट्रेफिक जाम लगता है, जेडीए ने आनन-फानन में पुलिया का लोकार्पण करने का फैसला तो कर लिया, लेकिन यहां भी सड़क की चौड़ाई बढ़ाने की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। ज्ञात रहे कि जुलाई 2018 में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया था। करीब 2.26 किलोमीटर लंबाई की इस एलिवेटेड रोड के पूरा होने पर यहां रहने वाली 4 लाख से ज्यादा की आबादी को यहां ट्रैफिक जाम की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी।

शिलान्यास के समय इस प्रोजेक्ट को पूरा करने की डेडलाइन दिसंबर 2020 रखी गई थी। उस समय इस प्रोजेक्ट को बनाने के लिए 166.73 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान जताया था, लेकिन इस प्रोजेक्ट का काम ही देरी से शुरू हुआ। इस एलिवेटेड प्रोजेक्ट के एलाइनमेंट के बीच आ रहे 642 मकान या दुकान को शिफ्ट करने में बहुत समय लगा, जिसके कारण प्रोजेक्ट देरी से शुरू हुआ।

## मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में लगी आग

**जयपुर (कासं)।** जेएलएन मार्ग पर स्थित एमएनआईटी के भौतिक विभाग में मंगलवार को तीसरी मंजिल पर बने लैब में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में अपना विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते भौतिक विभाग की लैब सहित आस-पास के कमरों तक पहुंच गई। जिसे कई सारे गैजेट्स आग की भेट चढ़ गए।

आग लगने से पहले पीएचडी स्कॉलर्स अपना रिसर्च वर्क कर रहे थे। लेकिन आग की शुरूआत होते ही उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बताया जा रहा है कि ये हादसा इलेक्ट्रिक डिपार्टमेंट की वजह से हुआ है। बिल्डिग में इलेक्ट्रिक का लोड काफी ज्यादा था। जो अन बैलेंस हो गया। जिसके कारण शॉर्ट सर्किट होते ही पूरी वायरिंग में आग लग गई।पंखा जलकर नीचे गिर पड़ा।पास में स्टूडेंट बैठे थे। जो हादसे का शिकार होते-होते बच गए। सबसे ज्यादा नुकसान चार साल से पीएचडी के स्टूडेंट का हुआ है। उनका पूरा डेटा कम्प्यूटर में था। वो कम्प्यूटर आग की भेट चढ़ गए। शॉर्ट से लगी आग में लैब पूरी तरह से जल कर खाक हो गई। जिसमें रिसर्च वर्क के डॉक्यूमेंट, कम्प्यूटर, लैब मशीन, पीएचडी स्कॉलर्स के लैपटॉप सहित जरूरी सामान सहित फर्नीचर भी आग की चपेट में आ गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस आग में करीब 50 लाख रुपए के उपकरण आग की भेट चढ़े है। शॉर्ट सर्किट की सूचना मिलते ही अफरा-तफरी मच गई, बाद में तीन दमकलों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक घंटे में काबू पाया।

# सांगानेर में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा व संविधान पार्क का अनावरण

**जयपुर।** सांगानेर विधायक व पूर्व महापौर जयपुर डॉ. अशोक लाहोटी ने बताया कि कीरो की ढाणी सांगानेर मुहाना मंडी गेट नं. 2 पर संविधान निर्माता "भारत रत्न" बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा व संविधान पार्क का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में दलित एवं पर्यावरण समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण बैरवा और उनकी पूरी टीम व हजारों स्थानीय लोग मौजूद रहे।

लाहोटी ने बताया कि बाबा साहब अर्थशास्त्री, राजनितिज्ञ एवं समाज सुधारक व्यक्तित्व के धनी थे। जिन्होंने समाज की कई कुरूतियों एवं सामाजिक भेदभाव के विरूद्ध अभियान चलाकर सामाजिक कुरूतियों एवं भेदभाव को खत्म करने में अहम योगदान दिया। लाहोटी ने बताया कि सांगानेर में पहली बार बाबा साहब के सम्मान में बाबा साहब की प्रतिमा लगाकर पार्क का नाम भी संविधान पार्क के नाम से रखा गया।

जहां पर हजारों की संख्या में पहुंचे युवाओं ने बाबा साहब के नारे भी लगाये। लाहोटी ने बताया कि सांगानेर में बाबा साहब की भव्य प्रतिमा हमारे युवाओं नौजवानों के लिए श्रद्धा एवं प्रेरणा का केंद्र बनेगी तथा युवाओं को सद्मार्गों पर चलने के लिए प्रेरणा देगी।



सांगानेर विधायक डॉ. अशोक लाहोटी ने कीरो की ढाणी में बुधवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया।

## नर्सेज का पांचवें दिन आमरण अनशन जारी

**जयपुर।** राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रांतीय आव्हान पर बुधवार को नर्सिंग कर्मियों का आमरण अनशन पांचवें दिन भी जारी रहा।

नर्सेज नेता राजेंद्र सिंह राणा व केके यादव के साथ प्रदेश संयोजक प्यारेलाल चौधरी, महीपाल सामोता, धन्नाराम नैन, पवन मीणा आमरण अनशन बैठे। पांच दिन से लगातार भूख हड़ताल पर बैठे नर्सेज नेताओं की तबीयत बिगड़ी जा रही है। आज चिकित्सकों की टीम ने नर्सेज नेताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जिसमे लगातार गिरते स्वास्थ्य को लेकर जिला प्रशासन को रिपोर्ट भिजवाई। जिला प्रशासन की सूचना पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। नर्सेज राजेंद्र राणा और केके यादव को अस्पताल में भर्ती कराने के पूरे दिन प्रयास होते रहे, हालांकि नर्सेज नेताओं ने अस्पताल में भर्ती होने से इनकार कर दिया। धरना स्थल पर पुलिस की ओर से लगातार समझाइश का प्रयास होता रहा। नरेन्द्र सिंह शेखावत व रमेश सैनी ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि नर्सेज की जायज मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो मजबूरन आंदोलन को तेज करना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# मंत्रालयिक कर्मचारियों का महापड़ाव स्थगित

- अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त से वार्ता के बाद फैसला
- मुख्यमंत्री से वार्ता के उपरांत ग्रेड-पे संशोधित होगी

**जयपुर (कासं)।** मंत्रालिक एकता मंच की ओर से गुरूवार को अपनी मांगों के समर्थन में और राज्य सरकार द्वारा इनकी अनदेखी किए जाने के विरोध में जयपुर में शहीद स्मारक पर होने वाला महापड़ाव वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव से वार्ता के बाद स्थगित कर दिया गया है।

राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट बैठक में मंत्रालयिक संवर्ग की घोर उपेक्षा किए जाने और चंद दिनों में आचार संहिता लगने की संभावना को देखते हुए मंत्रालयिक एकता मंच ने गुरूवार से जयपुर में शहीद स्मारक पर अनिश्चितकालीन महापड़ाव किए जाने की घोषणा की थी। महापड़ाव से पहले बुधवार को मंत्रालयिक एकता मंच के शिष्टमंडल ने अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा से मुलाकात की। इस दौरान उनसे हुई वार्ता में ग्रेड पे संशोधन की सहमति बन गई।

अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री से वार्ता के उपरांत किए जाने पर सहमति बनी। कैडर रिव्यू के मुद्दे पर आज भी वित्त विभाग द्वारा स्वीकृति जारी कर दी गई। उसमें अब तुरंत कोई संशोधन किया जाना संभव नहीं है। संशोधन में समय लगने की संभावना है और आचार संहिता कभी भी लग सकती है। एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं मंत्रालयिक एकता मंच की कोर कमेटी के सदस्य गजेंद्र सिंह राठौड़ ने सभी मंत्रालय कर्मचारियों का सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। मंत्रालयिक एकता मंच के शिष्ट मंडल में प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य गजेंद्र सिंह राठौड़, राजेश पारीक, सुरेश धाभाई, प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका, शेर सिंह यादव, प्रकाश यादव, कौशल कुमार, नागेन्द्र सिंह नाथावत आदि कर्मचारी नेता शामिल थे।

# बच्चों के इलाज के लिए न्यूरो सर्जरी विभाग की 2 विंग शुरू

**जयपुर।** सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में बुधवार से दो नई स्पेशलिटी विंग की शुरूआत हुई। इन विंग के शुरू होने से छोटे और जन्मजात बच्चे जिनके न्यूरो संबंधी बीमारी है, उनको इलाज के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। न्यूरो सर्जरी विभाग में पीडियाट्रिक न्यूरो सर्जरी व एपिलेप्सी सर्जरी और सेरिब्रोवास्कुलर एंड एण्डोवास्कुलर न्यूरो सर्जरी के नाम से शुरू हुए इस क्लिनिक में दो दिन बुधवार और शनिवार को ओपीडी लगेगी। जिसमें बच्चों के मस्तिष्क और रीड की हड्डी समेत तमाम नसों, मस्तिष्क और न्यूरो संबंधी बीमारियों का इलाज हो सकेगा। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा, न्यूरो सर्जरी, हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा, न्यूरो सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. अशोक गुप्ता, न्यूरोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. भावना शर्मा समेत अन्य डॉक्टरों ने इस विंग का शुभारंभ किया।

डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि पीडियाट्रिक न्यूरो सर्जरी व एपिलेप्सी सर्जरी के लिए बुधवार को तथा सेरिब्रोवास्कुलर एण्ड एण्डोवास्कुलर न्यूरो सर्जरी से संबंधी मरीजों के लिए शनिवार को ओपीडी संचालित होगी। न्यूरो सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. अशोक गुप्ता ने बताया कि नई स्पेशलिटी एण्डोवास्कुलर न्यूरो सर्जरी के शुरू होने से ऐसे बच्चे जो जन्मजात या थोड़े बड़े होने के बाद दिमाग संबंधी बीमारी, रीढ़ की हड्डी की खून की नसों में होने वाले समस्या का उपचार करवा सकेंगे।

## जानलेवा हमला करने वाले पकड़े

**जयपुर।** एयरपोर्ट थाना पुलिस ने युवक पर जानलेवा हमले के मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित कुलदीप मीणा (22) गांव पीपलखेड़ा थाना रैणी हाल मालवीय नगर अलवर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया है। वहीं, इस मामले में एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं मानसरोवर में बाइक सवार बदमाश एक महिला की सोने की चेन तोड़ ले गए। पुलिस ने बताया सारथी रेजीडेंसी, मानसरोवर निवासी रश्मि गुप्ता ने मामला दर्ज करवाया है कि 2 अक्टूबर की देर शाम बेटे के साथ गोविन्द देव जी मंदिर से दर्शन कर घर लौट रही थी। इस दौरान रास्ते में बाइक सवार बदमाश गले पर झपट्टा मार सोने तोड़ ले गए।

# सांगानेर में सनातन धर्म महासभा

**जयपुर।** सांगानेर के शिकारपुरा क्षेत्र में सनातन धर्म महासभा का आयोजन ग्रेटर निगम के चेयरमैन पारस जैन और भाजपा नेता करण यादव व सुनील शर्मा के संयुक्त प्रयासों से किया गया। कार्यक्रम को तेलंगाना विधायक टी. राजा, राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा और प्रकाश दास महाराज ने संबोधित कर हिंदुत्व की भावनाओं का प्रसार किया। तेलंगाना विधायक टी. राजा ने लव जिहाद के शिकार होने से बचने और मुसलमानों से एकजुट होकर सामना करने का आव्हान किया। डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा ने कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की नीतियों को उजगार करने की अपील की।



सांगानेर के शिकारपुरा क्षेत्र में आयोजित सनातन धर्म महासभा में पहुंचे तेलंगाना के विधायक टी. राजा और राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा का स्वागत ग्रेटर नगर निगम के चेयरमैन पारस जैन ने किया।

# पहली सूची के संभावित दावेदारों के नाम वायरल होते ही भाजपा कार्यालय में जुट रहे हैं समर्थक और विरोधी

**जयपुर।** प्रदेश में सत्ता के संग्राम के बीच कांग्रेस और भाजपा अपने प्रत्याशियों की सूची बना रही है। दोनों ही दल प्रत्याशी चयन करने से पूर्व फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं। इधर भाजपा की बात करें तो यहां पहली सूची का इंतजार है। पहली सूची में संभावित दावेदारों के नाम वायरल होने पर उनके विरोध और समर्थन में लोग एकजुट हो रहे हैं। भाजपा में अभी पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन संभावित प्रत्याशियों और दावेदारों के बीच सिर फुटोव्वल की नौबत आ रही है। दावेदारों के समर्थक और विरोधी कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश कार्यालय के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सहित अन्य नेताओं के आवास पर पहुंच रहे हैं।

- जयराम जाटव की टिकट का बेटी ने किया विरोध
- सवाईमाधोपुर से आशा मीणा के समर्थकों को कोई नहीं मिला तो नड्डा के कार्यक्रम में पहुंचकर की नारेबाजी

भाजपा में बुधवार को अलवर ग्रामीण से दावेदार और पूर्व विधायक जयराम जाटव का नाम वायरल हुआ तो उनके विरोध में बड़ी संख्या में लोग भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंच गए। बताया जा रहा है इनमें करीब 13 दावेदार भी बताए जा रहे हैं जिन्होंने टिकट के लिए आवेदन कर रखा है। इनके साथ साथ ही जयराम जाटव के समर्थक भी पार्टी कार्यालय पहुंच गए। दोनों पक्षों के बीच तनातनी हो गई। एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा मारपीट पर उतारू हो गए। मामला बढ़ता देखकर कुछ लोगों ने दोनों पक्षों को अलग किया। जयराम जाटव का विरोध करने वालों में उनकी अपनी बेटी बीना कुमारी जाटव भी शामिल थी। बीना ने कहा कि भाजपा जयराम जाटव को टिकट दे रही है, यह सुनकर विरोध में आए हैं। भाजपा चाहे किसी को भी टिकट दे दे, हम पार्टी के साथ रहेंगे काम करेंगे। बीना ने जाटव को टिकट देने पर बगावत की भी चेतावनी दी।

वही किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मेघराज चौधरी ने कहा कि अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से पार्टी का जो फैसला होगा। लेकिन विधानसभा क्षेत्र में चर्चा है कि चुनाव सिर्फ जयराम जाटव ही जीत सकते हैं। विरोध करने आए सभी 13 दावेदार बाहरी हैं जिनमें कोई बसपा से आया है तो किसी ने नई सदस्यता ग्रहण की है। दो बार मंडल अध्यक्ष रह चुके मेघराज ने आरोप लगाया कि विरोध करने आए लोग बाहरी हैं और मंत्री टीकाराम जूली के एजेंट के तौर पर काम कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर श्रीगंगानगर से जनप्रतिनिधि और व्यापारी कुम्हार समाज को टिकट देने की मांग करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के आवास पर पहुंच गए। उन्होंने वर्तमान में टिकट देने वाले प्रत्याशी का विरोध किया तथा हार के कारण गिनाए। वहीं कुम्हार समाज को टिकट मिलने पर जीत का दावा भी किया।

इसी तरह भाजपा प्रदेश कार्यालय में चाकसू विधान सभा क्षेत्र से कैलाश नागरवाल के टिकट की मांग को लेकर ग्रामीण पहुंचे। वहीं सवाई माधोपुर से आशा मीणा और उनके समर्थक भी पार्टी कार्यालय पहुंचे लेकिन उन्हें वहां कोई नही मिला तो वे बिड़ला ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यक्रम में वही पहुचे और आशा मीणा के समर्थन में नारेबाजी की। इस दौरान आशा मीणा के समर्थकों ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और अन्य नेताओं से मिल कर उनके टिकट की मांग की। भाजपा प्रदेश कार्यालय में कमोबेश इसी तरह का नजारा रहने वाला है।

## युवक से मारपीट कर कार छीनी

**जयपुर।** वैशाली नगर थाना इलाके में युवती सहित अज्ञात बदमाशों ने युवक के मोबाइल पर व्हाट्स एप्प पर कॉल कर मिलने के लिए बुलाया और आते ही उस पर हमला कर कार लेकर फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने अज्ञात बदमाशों की तलाश में आसपास नाकाबंदी भी कराई। लेकिन बदमाशों का कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा। पुलिस के अनुसार पीड़ित गौरव शर्मा पेशे से वकील है। किसी अज्ञात बदमाश ने उनके मोबाइल पर वाट्स एप्प कॉल कर मिलने के लिए कहा। इस पर पीड़ित ने खुद को होटल शिवम पैराडाईज के पास होना बताया। तभी एक युवक आया औरा लाठी से हमला कर दिया। पीड़ित ने आरोपी को पकडने का प्रयास किया तो एक युवती ने उसे पीछे से खींच कर नीचे गिराया और कार लेकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज किया।

## सार-समाचार

### करण राठौड़ ने पदभार संभाला



**जयपुर, (का.सं.)।** आतिथ्य क्षेत्र के उद्यमी करण राठौड़ ने भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा स्थापित सेवा निर्यात संवर्धन परिषद(सर्विसेज़ एक्सपोर्ट प्रोमोशन कौंसिल) के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। उन्होंने सितंबर 2021तक एसईपीसी के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। एसईपीसी सेवा निर्यात संवर्धन के लिए एक नोडल संगठन के रूप में भारत के सेवा निर्यात को आगे बढ़ाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एसईपीसी की प्रमुख भूमिका में व्यापार संबंधी गुप्त जानकारी प्रदान करना, सक्षम कारोबारी माहौल और नीति के बारे जानकारी प्रदान करना और निर्यात विकास और निर्यात प्रोत्साहन से जुड़ी घटनाओं और गतिविधियों को क्रियान्वित करना शामिल है। जयपुर में उम्मेद होटल और रिसॉर्ट्स समूह के निदेशक करण राठौड़ के पास 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है और वे मेयो कॉलेज अजमेर पूर्व छात्र रहे हैं तथा अब वे इस प्रतिष्ठित कॉलेज के बोर्ड में सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। वह राजस्थान सरकार की पर्यटन सलाहकार समिति में भी रहे हैं।

### 65 छात्रों व चिकित्सकों का स्वागत



**जयपुर, (का.सं.)।** स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में पूर्व 65 छात्रों व चिकित्सकों का राजस्थान होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी के पदों पर चयन होने पर उनका स्वागत, सम्मान किया गया। इस सुअवसर पर प्राचार्या डॉ. योगेश्वरी गुप्ता, सी.ई.ओ. डॉ. सर्वेश अग्रवाल, सी.ए. श्रद्धा अग्रवाल, निदेशक डॉ. पंकज शर्मा, डीन एकेडमिक डॉ. अरुण चौगले व प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना, डॉ. शुचिता क्षत्रिय, डॉ. नीलिमा, डॉ. प्राँजली, डॉ. निवेदिता व डॉ. अपूर्वा आदि उपस्थित रहे। सभी एल्युमिनी चिकित्सकों को प्रतीक चिह्न, प्रमाणपत्र व दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया व पर्यावरण बचाने का वचन, संकल्प लिया।

### सौर्य ऊर्जा कंपनी को 9 करोड़ का लाभ



**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान सरकार एवं आई.एल. एण्ड एफ. एस. एनर्जी डवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड की 50:50 संयुक्त उद्यम कम्पनी, सौर्य ऊर्जा कम्पनी ऑफ राजस्थान लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अपने वार्षिक परिणामों की घोषणा की है। कम्पनी ने 9.10 करोड़ का शुद्ध लाभ प्राप्त किया है एवं दोनों शेयरधारकों के लिए 5.32 करोड़ के लाभांश की घोषणा की है। कम्पनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिभु बिस्वाल ने मुख्य सचिव, उषा शर्मा को लाभांश 5.32 करोड़ का डिमाण्ड ड्राफ्ट प्रमुख शासन सचिव (ऊर्जा) भास्कर ए. सावंत एवं प्रबन्ध निदेशक (अक्षय ऊर्जा निगम) अनिल ढाका की उपस्थिति में सुपुर्द किया। सौर ऊर्जा कम्पनी फलौदी जिला स्थित भड़ला ग्राम में अपना 1000 मेगावाट का सोलर प्लांट वर्ष 2018 से संचालित कर रही है।

### यू.पी.-मेघालय का विजयी अभियान

**जयपुर, (का.सं.)।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के तत्वावधान में राजस्थान फुटबॉल संघ द्वारा रॉयल फुटबॉल क्लब मैदान पर जारी राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में आज दो मुकाबले खेले गए, सुबह आठ बजे खेले गए पहले मुकाबले में उत्तरप्रदेश की टीम ने जम्मू कश्मीर टीम को एकतरफा 17 -0 से मात दी, वहीं शाम को खेले गए मुकाबले में मेघालय ने मेजबान राजस्थान को 6-0 से हराया, प्लेयर ऑफ द मैच मेघालय की दस नंबर जर्सी एलाडकी शो को दिया, आज के मैचों में पूर्व खिलाड़ी मालचंद, रवि प्रकाश, सचिव दिलीप सिंह शेखावत, रेफरी बोर्ड चैयरमेन महेंद्र बिजरानिया, अलवर सचिव मानवेंद्र सिंह राघव, अजमेर सचिव सुधीर जोसफ, डूंगरपुर सचिव रफीक सिंधी, जसवंत सिहां आदि मौजूद रहे।

### राजस्थान आर्किटेक्ट फेस्टिवल कल से

**जयपुर।** राजस्थान आर्किटेक्ट फेस्टिवल के अंतर्गत 6, 7, 8 अक्टूबर को जयपुर के जे.एल.एन मार्ग स्थित होटल क्लार्क आमेर में एक आर्ट एग्जिबिशन आयोजित होने जा रही है। जिसमें देश के ख्याति नाम कलाकारों के कलाकृतियों की प्रदर्शनी फेस्टिवल के एसोसिएट आर्ट एग्जिबिशन पार्टनर, पिंकफेस्ट आर्ट वोग, जयपुर द्वारा प्रदर्शित की जायेगी। पिंकफेस्ट आर्ट वोग के फाउंडर सत्यजीत तालुकदार ने बताया कि यह कलाकृतियां जयपुर के कला प्रेमियों के लिए उन ख्यातिनाम कलाकारों की क्रिएटिवी को इतने करीब से जानने व समझने का अनोखा मोका होगा। जिसमें राजा रवि वर्मा, पदम् विभूषण एम एफ हुसैन, पदम भूषण थोटा वैकुंठम, पदम भूषण जोगेन चौधरी, पदम् भूषण कृष्ण खन्ना जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। साथ ही 25 से अधिक कलाकार जिसमें जोगेन चौधरी, सैयद हैदर रजा , राजा रवि वर्मा, जतिन दास, प्रतुल दास, कृष्णा खन्ना, धर्मेंद्र राठौर, अजय कुमार समीर, भवानी शंकर शर्मा, चिन्मय मेहता, विद्या सागर उपाध्याय, विनय शर्मा, दिलीप शर्मा, अमित कल्ला, गोपाल खेतांची, सत्यजीत तालुकदार, हरिराम कुमावत, सोहन जाखड़, डाअमिता गोयल, सुधीर कासलीवाल, महेश स्वामी, अजय मिश्रा, जगदीश प्रसाद की कृतियाँ शामिल होंगे।

### राज्य अग्रसेन कल्याण बोर्ड का गठन

**जयपुर।** राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण एवं उत्थान के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार द्वारा राजस्थान राज्य अग्रसेन कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है। यह बोर्ड अग्रवाल समाज की स्थिति का जायजा लेने के साथ ही प्रमाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इन वर्गों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा इनके पिछड़ेपन को दूर करने के लिए राज्य सरकार को सुझाव देगा। बोर्ड द्वारा समाज के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं प्रस्तावित करने, वर्तमान में संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में विभिन्न विभागों से समन्वय करने, समाज के परम्परागत व्यवसाय को वर्तमान तौर-तरीकों से आगे बढ़ाने, रोजगार को बढ़ावा देने तथा समाज के शैक्षणिक एवं आर्थिक उन्नयन तथा अग्रवाल समाज के व्यापार की उन्नति में आ रही अड़चनों तथा परेशानियों को दूर करने संबंधी सुझाव दिए जाएंगे। साथ ही, सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों के विरूद्ध ठोस उपाय करने सहित अन्य सुझाव भी राज्य सरकार को प्रस्तुत किए जाएंगे।

### पत्रकार आवास योजना की लॉटरी आज

**जयपुर।** जेडीए प्रशासन गुरूवार को पिंकसिटी प्रेस एनक्लेव योजना नायला की लॉटरी निकालेगा। करीब 767 भूखंडों के लिए जेडीए ने इसके लिए 1 अक्टूबर से नए सिरे से पत्रकारों से आवेदन आमंत्रित किये गये थे। जेडीए कमिश्नर डॉ. जोगाराम ने बताया कि पिंकसिटी प्रेस एनक्लेव योजना में 1 से 3 अक्टूबर तक आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये गये थे, जिसकी लॉटरी 5 अक्टूबर को निकाली जाएगी। पत्रकारों के लिए 767 भूखण्डों वाली इस योजना की वर्तमान आरक्षित दर 12 हजार रु. प्रति वर्गमीटर है, लेकिन पत्रकारों को 30 प्रतिशत राशि पर यह भूखंड आवंटित किए जाएंगे। हालांकि कॉर्नर भूखण्डों का आवंटन भी लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा, इसके लिए 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि देय होगी। योजना में कुल 1109 आवेदन प्राप्त हुए है, जिनका परीक्षण किया जा रहा है।



## Global James Bond Day


Did you ever want to be a secret agent? To Fly through the air shooting the bad guys? What about have all those fancy gadgets and lovely women? Who doesn't want to drive nice cars while being impeccably dressed a smooth talker and a comforting presence after all the violence is over? Do you know who spent his days gathering secrets for MI6, and taking action movies to a steamy romance? There is one figure that encompasses all of those dreams. James Bond Day celebrates this hero of super-spy cinema!



#TECHNOLOGY

# Self-Driving Robot Can Run Indefinitely

The robots are also able to steer themselves, navigating with on-board sensors and tiny computing chips.



A new tiny, self-driving robot powered only by surrounding light or radio waves can run indefinitely on harvested power.

Small mobile robots carrying sensors could perform tasks like catching gas leaks or tracking warehouse inventory. But moving robots demands a lot of energy, and batteries, the typical power source, limit lifetime and raise environmental concerns.

Researchers have explored various alternatives: affixing sensors to insects, keeping charging mats nearby, or powering the robots with lasers. Each has drawbacks. Insects roam. Chargers limit range. Lasers can burn people's eyes.


Researchers have now created MilliMobile, a self-driving robot that is about the size of a penny, weighs as much as a raisin, and can move about the length of a bus (30 feet, or 10 meters) in an hour even on a cloudy day.

The robot can drive on surfaces such as concrete or packed soil and carry nearly three times its own weight in equipment like a camera or sensors. It uses a light sensor to move automatically toward light sources.

"We took inspiration from 'intermittent computing,' which breaks complex programs into small steps, so a device with very limited power can work incrementally, as energy is available," says co-lead author Kyle Johnson, a doctoral student in the Paul G. Allen School of Computer Science & Engineering at the University of Washington.

"With MilliMobile, we applied this concept to motion. We reduced the robot's size and weight so it takes only a small amount of energy to move. And, similar to an animal taking steps, our robot moves in discrete increments, using small pulses of energy to turn its wheels."

The team tested MilliMobile both indoors and outdoors, in environments such as parks, an indoor hydroponic farm, and an office. Even in very low light situations—for instance, powered only by the lights under a kitchen counter—the robots



are still able to inch along, though much slower.

Running continuously, even at that pace, opens new abilities for a swarm of robots deployed in areas where other sensors have trouble generating nuanced data.


The robots are also able to steer themselves, navigating with on-board sensors and tiny computing chips. To demonstrate this, the team programmed the robots to use their on-board light sensors to move towards a light source.

"'Internet of Things' sensors are usually fixed in specific locations," says co-lead author Zachary Englhardt, a doctoral student in the Allen School. "Our work crosses domains to create robotic sensors that can sample data at multiple points throughout a space to create a more detailed view of its environment."


लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि उनके द्वारा उनके पिछले पांच साल के कार्यकाल में लालसोट विधानसभा क्षेत्र को विकास एवं तकनीकी क्षेत्र में मॉडल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा था। जो उनके द्वारा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर किए गए विकास कार्य उनके द्वारा रखे गए लक्ष्य की कहानी साफ कर रहे हैं.. चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि आज लालसोट विधानसभा क्षेत्र में करीब आधा दर्जन महिला महाविद्यालय और जिला अस्पताल उप जिला अस्पताल व ग्राम पंचायत जैसी जगहों पर भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो को खुलवाकर क्षेत्र के लोगों को सुविधा देने का कार्य किया गया है। चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा सभी विकास कार्यों का शिलालेख पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया गया।



**उपखण्ड के निर्झरना तहसील मुख्यालय पर विकास कार्यों का फिता काटकर लोकार्पण करते चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा।**


**कार्यालय सचिव राज. मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी, सामु/प्राथ. स्वा0 केन्द्र खिदरपुर (तिजारा) अलवर**

क्रमांक: 2023/60 **खुली निविदा सूचना** दिनांक: 04.10.2023

सचिव राजस्थान मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी प्राथ0स्वा0केन्द्र मिलकपुर तुर्क (तिजारा) अलवर द्वारा निम्न सेवाये उपलब्ध कराने हेतु अधिकृत संस्था से निम्नानुसार निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | बोली प्रपत्र प्राप्ती की अंतिम तिथी व समय | बोली प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | बोली प्रपत्र खोलने की तिथी व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | मशीन विद मैन (संविदा) कंप्यूटर ऑपरेटर (1) | 140000/- | 10.10.2023 12.00 P M | 10.10.2023 1.00 P M | 10.10.2023 2.00 P M |
| 2. | सफाई कर्मी (1) | 100000/- | 10.10.2023 12.00 P M | 10.10.2023 1.00 P M | 10.10.2023 2.00 P M |
| 3. | लेब टेक्निशियन (संविदा) (MNJY) | 140000/- | 10.10.2023 12.00 P M | 10.10.2023 1.00 P M | 10.10.2023 2.00 P M |

नियम एवं शर्तें

1. निविदाऐं दोहरी बिड प्रणाली अनुसार प्रस्तुत करनी होगी। पहला लिफाफा (क) तकनीकी बिड का होगा जिसमें अमानत राशि का डीडी/बैंकर्स चैक, समस्त वांछित डॉक्युमेंट की प्रमाणित छाया प्रति मय निविदा फार्म लगाया जायेगा। डीडी/बैकर्स चैक राजस्थान मेडिक्येर रिलीफ सोसाइटी, खिदरपुर के नाम से व अलवर शाखा पर देय होगा। दूसरा लिफाफा (ख) वित्तीय बिड का होगा जिसमें सिर्फ प्रस्तावित दरें ही दी जावेगी। तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी।
2. प्राप्त निविदाऐं दिनांक 10.10.2023 को दोपहर 1.00 तक जमा की जायेगी तथा 10.10.2023 को दोपहर 2.00 निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी।
3. तकनीकी विवरण एवं निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध है। जो कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा करा प्राप्त की जा सकती है।
4. अधिक जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है।
5. निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सम्बन्ध मे समस्त अधिकार कमेटी के पास रहेगा।

सचिव राज. मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी
प्राथ. केन्द्र स्वा. खिदरपुर (तिजारा) अलवर

## चाकसू कबड्डी लीग 2023 का समापन


**चाकसू, ( निसं )।** कस्बे में 6 अक्टूबर को टीम विकेश खोलिया द्वारा आयोजित चाकसू कबड्डी लीग 2023 के समापन समारोह के अवसर पर पूर्व छात्र स्नेह मिलन प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक समारोह राष्ट्रीय संत बालयोगी उमेश नाथ महाराज पीठाधीश्वर सिद्ध श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम अवंतिकापुरी उज्जैन के सानिध्य में कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

समारोह में पूर्व छात्र मिलन, प्रतिभा सम्मान एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। खोलिया ने बताया की राष्ट्रीय संत बालयोगी उमेशनाथ महाराज के साथ चाकसू निवाई क्षेत्र के साथ सभी संतों को भी आमंत्रित किया गया है। आमंत्रित संतों में बालकानंद महाराज हरभांवता, बाबोसा महाराज हनुतिया, बजरंग देवाचार्य महाराज तमाडिया, कर्मानन्द महाराज करीरिया निवाई, प्रकाश दास महाराज किवांडा, मनीष दास महाराज निवाई, ब्रह्मानंद जी महाराज गरुड़वासी संत कबीर दास महाराज आश्रम निवाई सहित अन्य प्रमुख संत मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में प्रात: 19:00 बजे कोटखावदा मोड पर महाराज उमेश नाथ का 51 किलो फूलों की माला के साथ भव्य स्वागत व अगवानी की जाएगी।

# चांदसेन में अतिक्रमण नहीं हटने पर 10 माह में दूसरी बार टंकी पर चढ़े लोग

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर तालेड़ा जमात स्थित नए बस स्टैंड परिसर में बनी उच्च जलाशय टंकी पर बुधवार अल सुबह अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर चांदसेन सरपंच पति समेत तीन युवक चढ़ गए। टंकी पर चढ़े यूको के हाई वोल्टेज ड्रामे को देखकर मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई।

इस मामले की सूचना घटनास्थल पर लोगों द्वारा पुलिस को दी गई जहां सूचना पाकर पुलिस नई बस स्टैंड स्थित उस टंकी पर पहुंची जहां पर तीनों युवक चढ़कर अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर हंगामा कर रहे थे। जहां पुलिस प्रशासन द्वारा मौके पर जाल इत्यादि लगा कर सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था से जुड़े इंतजामात किए गए। यह पूरा मामला चांदसैन ग्राम पंचायत के अतिक्रमण हटाने से जुड़ा हुआ है। पिछले साल दिसंबर में चांदसेन ग्राम पंचायत सरपंच कौशल्या देवी द्वारा खुद की ग्राम पंचायत में हो रहे अतिक्रमण को हटाने एवं उन अतिक्रमणों को राजनीतिक शह में बेतहाशा हो रहे अतिक्रमण के विरोध में उच्च जलाशय वाली टंकी पर चढ़ गई थी। वहीं पुलिस में प्रशासन की समझाइए इसके बाद सरपंच एवं उसका पति टंकी से नीचे एक लिखित समझौते की शर्त पर उतरे थे। पहली बार 10 माह पहले



लालसोट में उच्च जलाशय टंकी पर बुधवार अल सुबह अतिक्रमण हटाने की मांग को लोग टंकी पर चढ़ गये।

सरपंच एवं उसके पति द्वारा टंकी पर चढ़ने के दौरान पुलिस व प्रशासन द्वारा लिखित समझौते के माध्यम से सीआरपीसी 145 का इश्तगासा पेश करने एवं ग्राम पंचायत के द्वारा निर्धारित विधिक प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए अतिक्रमियों को नोटिस जारी करने वतिक्रमण हटाने के आदेश जारी करने एवं जरूरत पड़ने पर उपखंड अधिकारी लालसोट जिससे मौके पर उपस्थित रहकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने एवं तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी को तुरंत हटाने के साथ टंकी से सरपंच कौशल्या देवी एवं पट्टी महेश के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करने का सादा काकज पर लिखित समझौता हुआ था। पीड़ित सरपंच कौशल्या देवी एवं उसके पति महेश शर्मा द्वारा वह अन्य लोगों द्वारा कहा गया कि इस लिखित समझौते को दस माह गुजर जाने के बाद भी कोई करवाई प्रशासन द्वारा नहीं की गई उनके द्वारा स्थानीय राजनेताओं द्वारा भी इस कार्रवाई को दबाने एवं अतिक्रमणों के हौसले बुलंद करने का आरोप लगाए गए हैं। इस मामले को लेकर चादसेन की सरपंच कौशल्या ने कहा कि उनकी पंचायत में निर्माणाधीन जिला अस्पताल के पास व अन्य जगहों पर सरकारी जमीन पर दिन रात अतिक्रमण तेजी से हो रहे हैं लेकिन प्रशासन उन पर कार्रवाई करने से डर रहा है। बार-बार अतिक्रमण हटाने की मांग पर भी 10 माह गुजर जाने पर प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई करने पर मजबूरन फिर से टंकी पर चढ़ विरोध प्रदर्शत्तन करने का फैसला लिया

- **दूसरे पक्ष ने टंकी पर चढ़ने वालों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की**

गया। इस दौरान टंकी पर चढ़े युवकों से पुलिस उपअधीक्षक अरविंद कुमार गोयल नायब तहसीलदार जगदीश प्रसाद मीणा थाना अधिकारी नाथूलाल मीणा द्वारा मंडावरी थाना अधिकारी धर्मेंद्र मीणा आदी की मौजूदगी में समझाइश की गई। वही टंकी पर चढ़ने के विरोध में दूसरे पक्ष द्वारा एसडीम को ज्ञापन सौंप कर टंकी पर अनाधिकृत रूप से चढ़ने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

वहीं दूसरे पक्ष ने टंकी पर चढ़ने वाले सरपंच पक्ष के लोगों पर आरोप लगाते होगा कि नहीं के द्वारा इन्हीं के कार्यकाल में दलित लोगों को पट्टे बना कर दिए गए थे अब यही लोग दोबारा से उन बसे हुए दलितों को बेघर करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं इसके बाद देर शाम खंड कार्यालय में एसडीएम नरेंद्र मीणा एवं टंकी पर चढ़े लोगों के प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय समझौता वार्ता हुई।

## सार-समाचार

### नाला निर्माण का कार्य शुरु



**फुलेरा ( निसं )।** फुलेरा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नम्बर 12 में बुधवार को नगर पालिका द्वारा स्वीकृत 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नाला निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस दौरान वार्ड वासियों ने स्थानीय पार्षद सरदार चौधरी को माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया। इसके साथ ही निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार गोगाराम चौधरी को भी साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया। वहीं पार्षद चौधरी ने जेसीबी के कुमकुम का तिलक लगाकर एवं रक्षासूत्र बांधते हुए कार्य की शुरुआत की। इस अवसर पर अजय सक्सेना, बिरदी चन्द, राधेश्याम, अनिल तिवारी, सुरेन्द्र सक्सेना, अभय सक्सैना, राहुल, मुकेश वर्मा, चिरंजी लाल सैनी, पुरुषोत्तम शर्मा, अनिल तिवारी, राधेश्याम मुंशी, संजय, मंजू माथुर, अल्का माथुर, शिखा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### लोन टेनिस प्रतियोगिता शुरू

**टोंक, ( निसं )।** राजस्थान शिक्षा विभाग द्वारा गत 3 अक्टूम्बर से प्रतियोगिताओं का आयोजन सन साईन ग्लोबल स्कुल में किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं के निर्णायक व संयोजक रईस अहमद व सरवत खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 42 छात्र व 26 छात्रा भाग ले रहे है, प्रतियोगिता के सभी मैच खलिद क्लब में खेले जायेंगे। विभाग द्वारा इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कामिनी श्रीवास्तव, निर्णायक कामरान अली खान ने खेल की भावना से खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। विभाग द्वारा इस अवसर पर मसूदा बानो, सादित अली, ललिता आकड उपस्थित रहे। पहले राउण्ड में देवली-भांची ने बम्बोर को हराया, सेन्ट अन्सम ने 2.0 से सेन्ट जोजफ को हराया तथा अण्डर 17 में इमानुअल ने नोबल स्कुल को हराया।

### सुमन शर्मा ने गोल्ड मेडल जीता

**चौमूं / कालाडेरा, ( निसं )।** ग्रैपलिंग कुश्ती राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में फतेहपुरा जयपुर की सुमन ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं रोहतक हरियाणा में होने वाली ग्रैपलिंग कुश्ती नेशनल चैंपियनशिप में फहतेपुरा की सुमन शर्मा पुत्री रामनिवास पतालिया ने गोल्ड मेडल हासिल किया और सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चुना गया। जो की नवम्बर में मास्को रशिया में होने जा रही है। इस से पहले भी सुमन ने सीनियर नेशनल में मेडल जीते हैं सुमन ने बताया है पिछले 4 साल से रोहतक में कुश्ती का अभ्यास कर रही मंजीत कोच के पास और राष्ट्रीय ग्रेपलिंग कुश्ती चैंपियनशिप में 64 किग्रा वर्ग में 3 मुकाबले जीते जिसके फाइनल में हरियाणा को 13- 2 के स्कोर से हारकर स्वर्ण पदक जीता और सुमन ने कहा मैं सीनियर वर्ल्ड ग्रेपलिंग रेसलिंग के लिए कड़ी मेहनत करूंगी और देश को सीनियर में मेडल दूंगी।

### बन्दरों ने वृद्ध पर किया हमला

**निवाई ( निसं )।** लुहारा में बुधवार सुबह लाल मुंह के बंदर के हमले से एक बुजुर्ग घायल हो गया। पीडित लल्लू लाल शर्मा पुत्र गोपाल शर्मा उम्र 68 वर्ष ने बताया कि वह सुबह स्नान करने के बाद पाठ पूजा करने दूसरी मंजिल पर बने कमरे पर जा रहे थे। सीढियों में बंदरों का झुंड देखकर डर के मारे वो वापस नीचे आने लगे। ठीक उसी समय पीछे से एक बंदर ने उनके पैर को काट खाया जिससे वह घायल हो गए । परिजन तुरंत उन्हें सामुदायिक चिकित्सालय निवाई में उपचार के लिए लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद टोंक रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में इन बंदरों ने आतंक मचा रखा है। गत दिनों दो स्कूली छात्राओं पर भी इन बंदरों ने हमला कर दिया था जिसके चलते एक छात्रा के पैर की हड्डी टूट गई थी। ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन से इन बंदरों को पकडकर गांव से बाहर करने की मांग की।

### प्रतिमा का अनावरण

**मालपुरा ( निस )।** मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र की पंवालिया गांव मे बुधवार को विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान मौजूद ग्रामीणो को सम्बोधित करते हुए विधायक ने बाबा साहेब द्वारा बनाये संविधान के साथ उनके द्वारा समाज सुधार के क्षेत्र मे किये गये अनेक कार्यो को गिनाते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने पर जोर दिया। इसी क्रम मे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन लोकार्पण,नवीन अत्याधुनिक उपकरणो का शुभारम्भ,दो सामुदायिक भवनो का लोकार्पण सहित विभिन्न सीसी सडको का लोकार्पण करते हुए क्षेत्र मे 1 करोड की लागत के विकास कार्यो का लोकार्पण किया। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष संत कुमार जैन,रामचन्द्र गुर्जर,हंसराज गुर्जर,उपप्रधान पारसी देवी धाकड,सरपंच रामपाल राव, सहित गणमान्य नागरिको ने 1 करोड के विकास कार्यो व बाबा साहेब की मूर्ति अनावरण पर विधायक का आभार जताया।

## प्रागपुरा थाना क्षेत्र में चोर गिरोह सक्रिय

**पावटा, ( निसं )।** उपखंड पावटा में चोरी का सिलसिला थम नहीं रहा है। चोर बडी आसानी से लोगों के घर दुकान और गोदाम को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। कुछेक मामलों में चोरों को पकडने में पुलिस सफल रही जबकि ज्यादातर मामलों के आरोपित पुलिस की पकड से दूर है।

चोरों में पुलिस का खौफ नहीं होने की वजह से लगातार वारदात को अंजाम दे रहे हैं। हाल में ही प्रागपुरा थाना क्षेत्र से चोरी के दर्ज माम लो व शिकायतों पर अपराध दर्ज कर पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है। प्रागपुरा थाना क्षेत्र में चोर गिरोह सक्रिय होने के कारण लगाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। जयपुर दिल्ली राष्ट ीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम बावडी में मंगलवार की रात चोरों ने एक चाय व परचूनी की दुकान का ताला तोडकर हजारों रुपए का जनरल एवं परचुनी का समान व हजारों रुपए की नगदी चुराकर फरार हो गए।

लक्की होटल एण्ड जनरल स्टोर दुकान मालिक मोहनलाल सैनी ने बताया की मंगल वार रात करीब 8 बजे दुकान बढाकर वह घर चला गया था। बुधवार सुबह 6 बजे जब दुकान खोलने आया तो दुकान का ताला टूटा व शटर आधा खुला हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान अस्त-व्यस्त पडा था। घटना की सूचना तुरंत प्रागपुरा थाना पुलिस को दी। जिस पर प्रागपुरा थाना एसआई गिरधारी लाल मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर ताले टूटे हुए व समान अस्त व्यस्त पडा मिला। पुलिस ने घटनास्थल पर आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

जयपुर दिल्ली राष्ट ीय राजमार्ग पर लगातार पुलिस विभाग की कडी गस्त के बावजूद भी चोरी की वारदात का होना कहीं ना कहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए चोरों द्वारा पुलिस को दी गई चुनौती है। पीडित द्वारा प्रागपुरा थाने मे मामला दर्ज करवाया गया है। गौरतलब है कि 23 सितबर रविवार को पावटा के पुष्पा कॉम्प्लेक्स मे कॉपर वायर की दुकान से 5 लाख के कॉपर वायर और 5० हजार नगदी चोरी की वारदात को अंजाम देकर चोरों ने निशा सबमर्सिबल स्पेयर पार्ट्स की दुकान को निशाना बनाया था।

## निर्माण कार्यों का उद्घाटन

**बहरोड़/ नीमराना।** 4 अक्टूबर 2023 बुधवार को पंचायत समिति बहरोड़ के ग्राम निम्भोर में सामुदायिक भवन से बालाजी मंदिर की ओर इंटरलॉकिंग सडक, अशोक हरिजन के घर की ओर इंटरलॉकिंग सडक, बाबूलाल की दुकान से पानी की टंकी की ओर इंटरलॉकिंग सडक, प्रेम के घर से रोहतास के घर की ओर इंटरलॉकिंग सड़क सहित कांग्रेस के बस्तीराम यादव ने प्रधान कोटे से 25 लाख रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन किया

जिसमें ग्रामीण नारे लगाते डीजे से ट्रैक्टर में रैली निकालकर अतिथियों का स्वागत करते हुऐ उद्घाटन स्थल तक लेकर गए। कार्यक्रम में की मुख्य अतिथि सरोज प्रधान पंचायत समिति बहरोड़ रहीं।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशल्या सुरेश भेड़ी सरपंच अन्नतपुरा ने की।

बस्तीराम यादव ने कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते आने वाले समय में राजस्थान में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने से सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को सुचारू ढंग से चलाने का काम कांग्रेस सरकार करने की बात कही गई।

# पुलिस की मौजूदगी में स्मार्ट मोबाइल का वितरण हुआ

**सांभरझील, ( निसं )।** दरबार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को इंदिरा गांधी स्मार्ट मोबाइल योजना अंतर्गत मोबाइल पाने वाले सैकड़ो लोगों भी भीड़ उमड़ी।

सांभर सहित आसपास के गांवों से भी बालिकाओं से लेकर बुजुर्ग महिलाएं तक मोबाइल लेने पहुंची। मोबाइल लेने के लिए एक दूसरे में होड सी मची रही। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस कार्मिकों को भी तैनात किया गया। पुलिस की मौजूदगी में निर्धारित समय तक मोबाइल वितरण करने का काम चलता रहा, हालांकि इस दौरान अनेक औपचारिकताओं की कमी के चलते काफी लोगों को बिना मोबाइल लिए बेरंग लौटना पड़ा।

मोबाइल लेने आने वाले कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि मोबाइल वितरण में भेदभाव बरता जा रहा है तथा जिन लोगों की सांठगांठ और जान पहचान है उनका नंबर नहीं होने के बाद भी उनको मोबाइल



शिविर में मोबाइल पाने वाले सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ी।

प्रोवाइड करवा दिया गया। मोबाइल नहीं मिलने से निराश लोगों ने सरकार तक को कोसना शुरू कर दिया कि जब मोबाइल ही उपलब्ध नहीं हो रहे हैं तो शिविर क्यों लगाया जा रहा है। हालांकि इस मामले में नियुक्त कार्मिकों का कहना है कि मोबाइल वितरण में किसी भी नियम को नहीं तोड़ा गया है जितने मोबाइल थे उनको नियम अनुसार दिया गया है। सरकार की इस योजना को सफल बनाने के लिए अथवा शिविर में व्यवस्था को देखने के लिए सत्ता पक्ष से जुड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी भी पूरी तरह से बनी रही। सांभर दरबार स्कूल में मोबाइल लेने के लिए कार्मिकों से जानकारी लेते लोग।

## ए.डी.एम. ने ली समीक्षा बैठक

**कोटपूतली।** बुधवार को मिशन 2030 के संबंध में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रविंद्र शर्मा ने समीक्षा बैठक लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा की जिला स्तरीय कार्यक्रम में मिशन 2030 के निबन्ध एवं भाषण प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

इस दौरान उन्होंने वेबकास्ट, यूट्टयूब, ई-मित्र प्लस आदि के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यक्रम का सीधा प्रसारण तथा जिला स्तर से ग्राम पंचायत स्तर तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के लिए जिले के प्रमुख स्थानों पर वीडियो वॉल लगाकर प्रसारण करवाना सुनिश्चित करे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर रविंद्र शर्मा ने निर्देशित किया की जिले के जिला स्तर, पंचायत समिति स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यरत् सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं फील्ड कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में जुड़वाना तथा इसकी समुचित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा की स्कूलों व कॉलेजों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाए तथा सभी शिक्षण संस्थाओं में स्काउट एवं गाईड तथा एनसीसी कैडेट्स को कार्यक्रम में जुड़वाना सुनिश्चित करें।

जिले के अधिक से अधिक युवाओं को कार्यक्रम में जोड़ने के लिए वेबकास्ट, यू-ट्यूब, ई-मित्र प्लस आदि के लिंक का अधिक से अधिक लोगों को प्रसारित किया जाए। इस दौरान, एसीईओ जिला परिषद, सीएमएचओ निर्मल जैन, जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह यादव,डीएसओ बनवारी शर्मा, एसीपी सुनील मीणा (सूचना प्रौद्योगिकी)एसडीएम मुकुट सिंह, एसडीएम राहुल सैनी, तहसीलदार सौरव गुर्जर, अतिरिक्त

## रक्तदान शिविर 14 को

**निवाई, ( निसं )।** अग्रवाल समाज निवाई की बैठक श्री दिगम्बर जैन शांति नाथ अग्रवाल मंदिर में आयोजित हुई जिसमें आगामी 15 अक्टूबर को श्री अग्रसेन महाराज जयंती मनाने का निर्णय लिया। महाराज अग्रसेन जयंती को लेकर 14 अक्टूबर को मायला बाग में स्थित अग्रवाल धर्मशाला सुबह झण्डारोहण दीप प्रज्वलित और चित्र अनावरण किया जाएगा। दिन में रथ्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रविवार को सुबह महाराजा अग्रसेन जी की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी।

## 'राजस्थान में केवट समाज 120 सीटों को प्रभावित कर सकता है'

**टोंक,( निसं )।** राजस्थान कहार, कीर, केवट, भोई, मेहरा, कश्यप, धीवर, निषाद समाज आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर कहार ने बताया कि राजस्थान मे हमारे समाज की 30लाख की जनसंख्या निवास करती है और 25लाख मतदाता है। हमारा समाज विगत 13वर्षो से केवट कल्याण बोर्ड का गठन करवाने की मांग करता आ रहा है लेकिन दोनो पार्टियों ने हमारी समाज की मांगों पर कोई ध्यान नही दिया है।

राजस्थान मे 120 सीटों को हमारा समाज प्रभावित करता है और 20 विधानसभा सीटें ऐसी है जिनमे 30-40 हजार मतदाता है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धराराजे सिंधिया के शासन काल मे भी हमने आरक्षण संघर्ष समिति के नेतृत्व मे भी पाँच सालों तक आँदौलन धरना प्रदर्शन किये और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलेट से अपिल करते है कि आचार संहिता लगने से पहले हमारे समाज के लिये केवट कल्याण बोर्ड का गठन किया जाये। उन्होने कहा कि आचार संहिता लगने से पहले केवट कल्याण बोर्ड का गठन नही किया।

## भाजपा की बैठक आज

**टोंक, ( निसं )।** भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक, जिला चुनाव प्रभारी रमेश बिधूड़ी के मुख्य आतिथ्य में आज प्रात: 11.00 बजे भाजपा जिला कार्यालय, फ्लैड्ज कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे टोंक में आयोजित की जायेगी।

भाजपा मीडिया प्रभारी बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा जिलाध्यक्ष, सांसद, पूर्व सांसद,विधायक, पूर्व विधायक,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला प्रमुख, उपजिला प्रमुख, प्रधान,चेयरमैन, प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा,,संगठन विस्तारक,मंडल संगठन प्रभारी, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक मौजूद रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा ने बताया कि बीजेपी ने राजस्थान विधानसभा चुनावों के लिए नए अभियान श्आपणो राजस्थान, सुझाव आपका, संकल्प हमाराश का आयोजन किया है।

इस अभियान के तहत भाजपा रथों के माध्यम से लोगों से सुझाव मांगेगी और उनके आधार पर संकल्प पत्र तैयार करेगी। इसके अलावा, भाजपा ने एक टोल फ्री नंबर और वेबसाइट भी शुरू की है ताकि लोग सुझाव दे सकें।इस रथ को भी जिला चुनाव प्रभारी रमेश बिधूड़ी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

# विधायक गोपाल मीणा ने 127 दिव्याजनों को स्कूटी वितरण की

**जमवारामगढ़,( निसं )।** विधानसभा क्षेत्र जमवारामगढ़ में विधायक गोपाल मीणा की ओर से विशेष योग्यजनों को बड़ी सौगात दी गई है। विधायक ने विकास कोष से 1 करोड़ 20 लाख के बजट से 127 नि:शुल्क स्कूटी विशेष योग्यजनों को बांटी। इस दोरान आंधी पंचायत समिति के पास मैदान में

- **99 लाख की लागत से उप जिला अस्पताल में मेडिकल उपकरण दिए**

आयोजन हुआ। वहीं स्कूटी पाकर विशेष योग्यजनों के चेहरे खिले हुए नजर आए और उन्होंने विधायक गोपाल मीणा का आभार भी जताया।

साथ ही विधायक गोपाल मीणा ने जमवारामगढ़ उपजिला अस्पताल में एक्सरे मशीन, सोनोग्राफी मशीन, आंखों के इलाज के लिए उपकरण, एंबुलेंस सहित 99 लाख की लागत से विधायक कोष से क्षेत्रीय जनता को मैडिकल सबंधित सौगात दी। ऐसे में दिव्यांगों व क्षेत्रीय जनता के लिए विधायक गोपाल मीणा देवदूत बनकर




जमवारामगढ़ में विधायक गोपाल मीणा ने विशेष योग्यजनों को स्कूटी वितरित की।

सामने आए है। जिसका बखान कार्यक्रम में आई जनता ने खुद किया।

विधायक गोपाल मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि जमवारामगढ़ में 75 सालों में जितना विकास नहीं हुआ जितना इस बार हुआ है जमवारामगढ़ उपखंड पर उपजिला अस्पताल, जमवारामगढ़ विधानसभा में 2 औद्योगिक क्षेत्र, जमवारामगढ़ विधानसभा में सड़को का जाल, आंधी पंचायत समिति, रामगढ़ बांध में पानी लाने के लिए 1250 करोड़ की डीपीआर, नई ग्राम पंचायतें, पीडब्ल्यूडी एक्सन ऑफिस, आरएसइबी एक्सएन ऑफिस, तहसील आंधी, उप तहसील ताला, 1 ट्रॉमा सेंटर, 2 महाविद्यालय, 48 अंग्रेज़ी माध्यम विधालय, कृषि मंडी सहित अनेकों विकास कार्यों की सौगाते क्षेत्रिय जनता को दी और साथ ही विधायक ने राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम में आंधी प्रधान मानसी मीणा, जमवारामगढ़ प्रधान रामफूल गुर्जर, जमवारामगढ़ उप प्रधान विमला शंकर शर्मा, आंधी उप प्रधान पुष्पा मेहरवाल, ब्लॉक अध्यक्ष जमवारामगढ़ रामधन बैनीवाल, ब्लॉक अध्यक्ष आंधी श्रवण गुर्जर, जिला परिषद सदस्य जगदीश शर्मा रायपुर, ब्लॉक महासचिव अनोखी मीना, प्रवक्ता रुपेश शर्मा, पंचायत समिति सदस्य तुलसी कमलेश मीना, पापड़ सरपंच शंकर मीणा, महंगी सरपंच मारूती देवी, जमवारामगढ़ सरपंच नीलम कालू मीणा, लक्ष्मण सिंह राजावत सहित हजारों लोग मौजूद रहें।

## टंकियां बनी मांगे मंगवाने का साधन

**पावटा।** पावटा कस्बे में पानी की आपूर्ति करने वाली जलदाय विभाग की पानी की टंकियां इन दिनों युवाओं व लोगों की मांगे मनवाने का एक साधन बनी हुई हैं।

पुलिस प्रशासन की मान मनौव्वल के बाद वे टंकी से उतर आते हैं। इन टंकियों की छतों पर पहुंचना इतना सरल व आसान है कि कोई भी कभी भी चढ सकता है। जबकि इन टंकियों को बाउंड्रीवाल में बंदकर गेट लगाने का प्रावधान व नियम है। गेट पर ताला व सुरक्षा के इंतजाम होते है। जिससे कि बिना वजह कोई टंकी की छत पर नहीं चढ सके। इसके बावजूद ये टंकियां असुरक्षित हैं। मंगलवार को पावटा उपखंड कार्यालय व पाव टा पुलिस चौकी की नाक के नीचे एक दिव्यांग के टंकी पर चढने की घटना के बाद जलदाय विभाग की लापरवाही की पोल खुली। इन टंकियों के आस पास सुरक्षा की दृष्टि से कोई पुता इंतजाम नही है। विभाग व प्रशासन की लापरवाही के चलते कभी भी कोई भी बडा हादसा हो जाए तो जिमेदार कौन है। कस्बे मे बनी प्रत्येक टंकी पर चढना आसान हो गया है । पावटा उपखंड कार्यालय के पास बनी पानी की टंकी को देख लें तो यहां पर दूसरी बार ऐसी घटना घटित हुई है। जबकि पानी की कई टंकियां भीडभाड वाले इलाकों में हैं। इनकी छतों तक बिना किसी रोकटोक के कोई भी पहुंच सकता है।

## विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**पावटा।** कृषि विपणन राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा के मुय आतिथ्य व विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर की अध्यक्षता एवं प्रधान बूंदी देवी गुर्जर व सरपंच मिनाक्षी रातावाल के विशिष्ट आतिथ्य मे विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मैड में विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुशंषा पर 11 करोड 79 लाख रुपये के स्वीकृत करवाये गये विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर ग्रामीणों को सौगात दी।कार्यत्र्रम के दौरान ग्रामीणों ने कस्बे के मुय मार्गो से होते हुए बाजार से कार्यत्र्रम स्थल तक तक जुलूस निकाला गया जगह जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर कृषि विपणन राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा व विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर का भव्यता के साथ स्वागत किया।

विधायक-इंद्राज गुर्जर ने बताया कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मैड के ग्रामीणों की मांग पर मंडी परिसर मैड चौराहा पर कृषि उपज मंडी मैड चौराहा, 4 करोड 4० लाख की लागत से बनने वाले राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैड, 4 करोड 40 लाख की लागत से बनने वाले कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय छात्रावास, 41 लाख की लागत से बनने वाले राजकीय उप स्वास्थ्य केंद्र जोधुला व सूरपुरा का लोकार्पण व 12 लाख की लागत से बने ग्राम सेवा सहकारी समिति जोधुला के नव निर्मित भवन का उद्घाटन व 99 लाख की लागत से 2.1 किमी. लंबी मिलता राम की ढाणी से नागा जी की डूंगरी तक सडक निर्माण कार्य मैड, 1 करोड 5 लाख की लागत से 3 किमी. लंबी मैड से जाटो की ढाणी व धानको की ढाणी होते हुए तेवडी तक सडक निर्माण कार्य के लिए आवश्यकता के दृष्टिगत अनुशंषा कर इन कार्यो की राशि 11 करोड 79 लाख की स्वीकृति जारी करवाई थी। इस दौरान कृषि विपणन राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को प्रतिबद्धता के साथ सुशासन देने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सडक, सामाजिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। राजस्थान की जनकल्याणकारी व जनहितैषी योजनाओं को पूर्ण रूप से धरातल पर उतारा है। इन योजनाओं की चर्चा देशभर में हो रही है।विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहाँ कि उनकी मांगो पर जनहित में चाहे गये सभी कार्यो की तत्काल ही स्वीकृति देते हुए कार्य पूर्ण करवाये गए है। जिससे ग्रामीणजन लाभान्वित हुए है। चाहे वे काम शिक्षा के क्षेत्र में हो, चाहे पेयजल, विद्युत, चिकित्सा, सडक आदि किसी भी क्षेत्र में हो, कार्यकाल में यह सभी कार्य करवाकर जनता को राहत दी है। कार्यक्रम में विधायक ने अपने उद्बोधन में ग्रामीणों द्वारा किये गये स्वागत पर ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा कि इसी प्रकार विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के साथ ही शहरी क्षेत्र में भी भरसक विकास कार्य करवाये गये है और यह आज उसी का परिणाम है विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में प्रतिदिन नित नए आयाम स्थापित हो रहे है।



जयपुर में ''आपणो राजस्थान सुझाव आपका संकल्प हमारा'' कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जन आकांक्षा रथ पेटिका को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आज जोधपुर में विशाल सभा

## प्र.मंत्री मोदी इस अवसर पर करोड़ों रूपए की विकास परियोजनाएं भी शुरू करेंगे

- केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सभा की तैयारी की सारी व्यवस्था संभाल रखी है।
- सभा स्थल, रावण का चबूतरा व आसपास के क्षेत्रों को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया है तथा हरेक चीज पर नज़र रखी जा रही है।
- भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर पीले चावल बांटकर लोगों को प्रधानमंत्री की सभा में आने का न्यौता दिया।

जोधपुर, 4 अक्टूबर (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच अक्टूबर को जोधपुर आ रहे हैं और इसके लिए भाजपा जोर शोर से तैयारी में जुटी हुई है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूरी तरह से मोर्चा संभाल रखा है। जिला प्रशासन के साथ सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह मुस्तैद हैं। वाहनों व होटलों की चैकिंग की जा रही है।

भाजपा कार्यकर्ताओं में प्रधानमंत्री के जोधपुर दौरे को लेकर उत्साह छाया हुआ है। भाजपाई लोगों को सभास्थल तक लाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। घर- घर पीले चावल बांट कर लोगों को न्यौता दिया जा रहा है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने रावण का चबूतरा स्थल और उसके आसपास के क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में ले लिया है। बैरिकेडिंग की गई है। कमिश्नरेट के 12 सौ से ज्यादा पुलिस कर्मी सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए हैं, साथ ही सुरक्षा एजेंसियों एस.पी.जी. आदि ने भी सभास्थल को घेरे में ले लिया है। डीसीपी पश्चिम गौरव यादव ने बताया कि आस पास के इलाकों में संदिग्ध लोगों पर नज़र रखी जा रही है। गश्त को भी बढ़ाया गया है। बाहर से आने वाले वाहनों पर भी नज़र रखी जा रही है। होटलों सरायों में चैकिंग चल रही है।

देर रात जयपुर से जोधपुर पहुंचे स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार सुबह रावण का चबूतरा मैदान पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सभा स्थल पर मौजूद प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान सह प्रभारी श्रीमती विजया रहाटकर, प्रदेश महामंत्री जगबीर छाबा, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, महापौर वनिता सेठ, शहर जिला अध्यक्ष देवेंद्र सालेचा, देहात जिला अध्यक्ष जगराम बिश्नोई प्रदेश मंत्री महेंद्र कुमावत, प्रदेश मंत्री सांवलाराम देवासी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रसन्न मेहता सहित अनेक भारतीय जनता पार्टी के नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने भाजपा नेताओं के साथ सभा की तैयारी एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को सड़क, रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा से सम्बंधित करोड़ों रुपए की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इनमें जोधपुर आईआईटी, एम्स ट्रॉमा सेंटर सैंटर एवम् नया एयरपोर्ट टर्मिनल भी शामिल हैं।

जोधपुर हवाई अड्डे पर 480 करोड़ रु. की लागत से अत्याधुनिक नई टर्मिनल बिल्डिंग बनाई जाएगी। नई टर्मिनल बिल्डिंग लगभग 24,000 वर्गमीटर क्षेत्र में विकसित की जाएगी और व्यस्त समय के दौरान 2,500 यात्रियों को सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह सुसज्जित होगी। यहां साल भर में 35 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान की जा सकेगी, जिससे कनैक्टिविटी बढ़ेगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री आईआईटी जोधपुर परिसर भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह अत्याधुनिक परिसर 1135 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनाया गया है, जो आधुनिक अनुसंधान और नवाचार पहलों से युक्त उच्च गुणवत्ता वाली समग्र शिक्षा प्रदान करने और बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रधानमंत्री राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए नवविकसित केंद्रीय उपकरण प्रयोगशाला, स्टाफ क्वार्टर और योग और खेल विज्ञान भवन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में केंद्रीय पुस्तकालय, 600 छात्रों की क्षमता वाले छात्रावास और छात्रों के लिए भोजन कक्ष की सुविधा की भी आधारशिला रखेंगे।

# 'मुख्यमंत्री के 5 साल तो पायलट का पता लगाने में ही निकल गए'

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने आरोप लगाया कि, 5 साल में कांग्रेस विधायकों ने भारी लूट मचाई

- जे.पी. नड्डा ने राजस्थान में, ''सुझाव आपका संकल्प हमारा'' कार्यक्रम की शुरूआत की और हरी झंडी दिखाकर रथों को रवाना किया।
- इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने भी पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

जयपुर, 4 अक्टूबर (का.सं.)। ''आपणो राजस्थान सुझाव आपका संकल्प हमारा'' कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जन आकांक्षा रथ पेटिका को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रभारी अरुण सिंह, चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडी लाल मीणा, घनश्याम तिवाड़ी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व मंत्री एवम प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, अशोक परनामी, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया,राष्ट्रीय मंत्री अलका सिंह, भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, मौजूद रहे।

नड्डा ने कहा कि 5 साल तो इन्होंने सचिन कहां जाता है, इसमें ही निकाल दिए। विधायक उनके साथ रहे, इसलिए उन्होंने विधायकों को खुली छूट दी और खूब लूट मचाई। इन्होंने जो वादे किए,उनका हाल तो आपको पता है। एक, दो, तीन से दस तक गिनती बोलने वाले तो अब यहां आएंगे नहीं। उनकी बहन भी यहां नहीं आती। वे महिला उत्पीड़न के नाम पर कई प्रदेशों में जाती हैं, लेकिन राजस्थान में रणथंभौर घूमने आती है। कांग्रेस ने लंबे समय तक राज किया। कांग्रेस की संस्कृति थी कि इनके नेता जंगल में चूना लगाकर जनता को बताते थे कि यहां से सड़क निकलेगी। भोली भाली जनता उसे मान भी लेती थी। चुनाव हो जाते थे और जनता को चूना लग जाता था।

नड्डा ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस संस्कृति को बदला। उन्होंने रिपोर्ट कार्ड की संस्कृति शुरू की। जो कहा है वो करेंगे और उसे बताएंगे। हमने कहा- धारा 370 हटाएंगे। उसे हटा दिया। हमने कहा- मंदिर वहीं बनाएंगे। हमारे विरोधी कहते थे, तिथि कब बताएंगे। अब हम कहते हैं जनवरी में आपको बुलाएंगे। नड्डा ने 2030 पर चुटकी लेते हुए कहा मैं यहां आया तो देखा जगह-जगह मिशन-2030 के पोस्टर लगे हैं। गहलोत जी 2030 से पहले 2023 आता है। गिनती भूल गए क्या? नड्डा ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में सोना मिला हो इससे क्या बडा बात हो सकती है। उन्होंने कहा कि इनकी सोच है भ्रष्टाचार से समझौता और तुष्टिकरण से नाता, लालडायरी का मामला मंत्री ने उठाया तो उन्हे मंत्रीपरिशद से बाहर कर दिया,उन्ही की पार्टी के विधायक के बेटे पर दुष्कर्म के आरोप लगे हो उन्हे बचाया जा रहा है।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा जनता की भावनाओं के अनुसार अपनी नीतियों का निर्धारण करती है। इसलिए जनता का विश्वास भाजपा के साथ है। जोशी ने कहा हमें ऐसा प्रदेश बनाना है जहां जाति, धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं हो। सी.पी. जोशी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तंज करते हुए कहा कि जब से हमारे संकल्प पत्र की बात हुई, तबसे वे 2030 मिशन के बड़े बड़े होर्डिंग लगा कर सुझाव मांग रहे हैं। जनता का सुझाव यही है कि आप घर बैठ जाइए और राजस्थान के विकास की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हाथों में दे दीजिए।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि वादा करना बहुत आसान होता है, लेकिन उसे धरातल पर उतारना आसान नहीं होता है। ये जो वादे कांग्रेस दे रही है। इसमें यह देखना भी होगा कि इसे कैसे पूरा करेंगे। प्रदेश का पूरा खजाना खाली हो गया। अगर यह वापस आ भी गए तो इनके लिए भी मुसीबत हो जाएगी। ये ओपीएस , चिरंजीवी आगे पूरी भी होगी या नहीं मैं नहीं कह सकती हूं, लेकिन भाजपा ऐसे ही कोई वादा नहीं करती है। जो वादा करती है, उसे पूरा करती हैं।

भाजपा की प्रदेश संकल्प-पत्र समिति के संयोजक और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि विधानसभा चुनावों को लेकर बीजेपी के घोषणा-पत्र को तैयार करने का काम चल रहा है। इस घोषणा-पत्र को बीजेपी ने संकल्प-पत्र का नाम दिया है। घोषणा-पत्र में बीजेपी जनता के सुझाव भी शामिल करेगी। सुझाव आपका संकल्प हमारा अभियान के तहत 51 रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह सभी रथ प्रदेश की 200 विधानसभाओं में जाकर जनता के सुझाव एकत्रित करने का काम करेंगे। इसके अलावा करीब 8 हजार आकांक्षा पेटियां अलग-अलग माध्यम से प्रदेशभर में भेजी जाएगी। प्रदेश के सभी जिलों और संभाग मुख्यालय पर स्क्रथ खड़े किए जाएंगे। इस अभियान के तहत हम करीब डेढ़ करोड़ लोगों तक पहुंचेंगे। यह अभियान 4 से 20 अक्टूबर तक यह अभियान चलेगा। इसके अलावा अभियान को लेकर मिस्ड कॉल नम्बर, वॉट्सऐप नंबर और वेबसाइट भी लॉन्च किए गए हैं। इसके जरिए भी आमजन अपने सुझाव दे सकता हैं।

# आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह के आवास पर ई.डी. की छापेमारी

- आप के प्रमुख दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने ई.डी. की कार्यवाही को, हारते हुए आदमी की आखिरी कोशिश बताया।
- केजरीवाल ने कहा, एक साल से जांच चल रही है, अभी तक तो कुछ मिला नहीं, इसलिए ये लोग खीज गए हैं।

नयी दिल्ली, 4 अक्टूबर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवास पर छापे मारे।

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि, पार्टी नेता के घर पर ईडी की छापेमारी एक हारते हुए आदमी की आखिरी कोशिश है।

केजरीवाल ने आज यहां कहा, पिछले एक साल से हम लोग देख रहे हैं कि, इन्होंने तथाकथित शराब घोटाले का शोर कर रखा है। अभी तक एक हजार से अधिक जगहों पर छापेमारी हो चुकी है और कई लोगों को गिरफ्तार कर चुके हैं, लेकिन इनको एक भी रुपया नहीं मिला है। कहीं कोई रिकवरी नहीं हुई है। हमारे खिलाफ ये बहुत सारे आरोप लगा चुके हैं। कभी कहते हैं कि क्लासरूम घोटाला हो गया है, कभी बसों की खरीद में घोटाला होने की बात कहते हैं, तो कभी कहते हैं कि सड़क, बिजली और पानी में घोटाला हो गया है। हर चीज में में इन्होंने जांच करा ली है।

उन्होंने कहा, तथाकथित शराब घोटाले की भी पिछले एक साल से जांच चल रही है। अभी तक तो कुछ मिला नहीं है। संजय सिंह के यहां भी कुछ नहीं मिलने वाला है।

दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा, पिछले 15 महिनों से ईडी-सीबीआई की जांच, छापेमारी चल रही है। पूरे देश भर में एक हजार से अधिक छापेमारी हो चुकी है। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन आज तक एक चवन्नी नहीं मिली। यह इस बात का संकेत दे रहा है कि भाजपा और प्रधानमंत्री अगला चुनाव हार रहे हैं। हार की बौखलाहट है, जिसके चलते आज संजय सिंह के यहां छापेमारी हो रही है।

आप की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा, तथाकथित आबकारी मामले की जांच करते हुए 15 महीने हो चुके हैं। पिछले बार जब ईडी ने संजय सिंह का नाम लिया था, तो बाद में उसको लिखित माफी मांगनी पड़ी थी।

## प्रैस की आज़ादी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

घटनाक्रम हुआ है। उसके बाद मीडिया के पास कोई उपाय नहीं बचा सिवाय न्यायपालिका को इसका संज्ञान लेने और दखल देने की अपील के वरना बहुत देर हो जाएगी और निरंकुश पुलिस राज हो जाएगा।

संगठनों ने कहा कि पत्रकारों और समाचार व्यवसायियों के नाते हम किसी भी सही जांच में सहयोग देने को तैयार हैं। लेकिन तदर्थ आधार पर तलाशी, जब्तियां और पूछताछ किसी लोकतांत्रिक देश में स्वीकार्य नहीं है, विशेषकर जो स्वयं का प्रचार ''लोकतंत्र की जननी'' के रूप में करता है।

पत्रकारों के विरूद्ध सरकार की कार्रवाई के खिलाफ आज सैंकड़ों पत्रकार प्रैस क्लब ऑफ इंडिया में जमा हुए। बैठक पर दिल्ली पुलिस का कड़ा पहरा रहा और उसने विरोध मार्च निकालने की अनुमति नहीं दी।




एशियाई खेलों में बुधवार को जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता। ओलंपिक स्पोर्ट्स पार्क मेन स्टेडियम में आयोजित इवैंट स्थल पर तकनीकी समस्याओं के कारण नीरज चोपड़ा का पहला थ्रो रद्द कर दिया गया था। उसके बाद उन्होंने अपना पहला थ्रो दोबारा फेंका। अपने चौथे प्रयास के साथ चोपड़ा ने सीज़न का सर्वश्रेष्ठ, 88.88 मीटर थ्रो करते हुए एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी, चोपड़ा ने जकार्ता 2018 में स्वर्ण पदक जीता था और महाद्वीपीय प्रतियोगिता में यह भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी का दूसरा स्वर्ण पदक था।


# गुर्जर समाज की 12 अक्टूबर को देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

## गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र सिंह भाटी ने बुधवार को यह घोषणा की

- भाटी ने कहा मध्य प्रदेश सरकार द्वारा फूलबाग मैदान पर गुर्जरों पर की गई कार्यवाही के खिलाफ व अन्य मांगों को लेकर गुर्जर समाज देशभर में जेल भरो आंदोलन करेगा।

नयी दिल्ली 04 अक्टूबर। राष्ट्रीय युवा गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह भाटी ने बुधवार को ऐलान किया कि, यदि उनकी मांगें नहीं मानी गयीं तो 12 अक्टूबर को देशव्यापी आंदोलन और जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा। भाटी ने यहां प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि, मध्यप्रदेश के ग्वालियर स्थित फूलबाग मैदान में गत 25 सितंबर को प्रशासनिक अधिकारी द्वारा गुर्जरों पर किए गए तानाशाही व्यवहार, जातिवादी मानसिकता और पुलिसिया उत्पीड़न (आंसू गैस के गोले, रबड़ की गोलियां, लाठी डंडो से बुजुर्गों पर हमला आदि) के खिलाफ और अपनी मांगों को लेकर गुर्जर समाज 12 अक्टूबर को जेल भरो आंदोलन शुरू करेगा। अगर इस दौरान कोई अनहोनी घटित होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मध्य प्रदेश सरकार व प्रशासन की होगी। एडवोकेट दिवाकर बिधूडी गुर्जर, अध्यक्ष गुर्जर आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट, ने प्रेस वार्ता में बताया कि, पुलिस प्रशासन के तानाशाही रवैये का स्तर इतना नीचे गिर चुका है कि, बहन बेटियों की गिरफ्तारी कर उन्हें थानों में बेइज्जत किया जा रहा है।

गुर्जरों ने मांग की है कि, गुर्जर समाज के लोग अपनी विभिन्न माँगो को लेकर जो 25 सितंबर को महापंचायत कर रहे थे उन पर लगायी गई रासुका, फर्जी मुकदमे व जिन पर इनाम घोषित किए गए हैं उन्हें वापस लिया जाए। इसके अलावा ग्वालियर चौराहे पर से गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की टीन हटायी जाए, क्योंकि देश के करोड़ों लोगों की यह आस्था का विषय है। मध्य प्रदेश के भिंड में बोरेशर मंदिर से हटाया जाए तथा गुर्जर प्रतिहार शासकों का बोर्ड पुनः लगाया जाए, निर्दोष आकाश गुर्जर का फर्जी एनकाउंटर किए जाने पर उनके परिवार को न्याय तथा आर्थिक मदद दी जाए। जहां ऐतिहासिक इमारतों से गुर्जर शब्द हटाया गया है वहां वह दोबारा लिखा जाए, भारतीय सेना में गुर्जर रेजीमेंट की स्थापना की जाए, ग्वालियर में थानों का राजपूती करण बंद किया जाए एवं गुर्जर समाज को संख्या के आधार पर राजनीति में प्रतिनिधित्व दिए जाएं शामिल हैं।




रॉयल स्वीडिश अकैडमी ऑफ साइंसेज ने तीन वैज्ञानिकों, मोंगी जी बावेंडी, लुईस ई ब्रूस और एलैक्सेई आई एकिमोव को ''क्वान्टम डॉट्स की खोज और संश्लेषण के लिए'' रसायन विज्ञान में 2023 का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की है। संस्था की ओर से जारी बयान में कहा गया कि, नैनोटैक्नॉलजी के ये सबसे छोटे घटक अब टेलीविजन और एलईडी लैंप से अपनी रोशनी फैलाते हैं तथा कई अन्य चीजों के अलावा ट्यूमर ऊतक को हटाते समय सर्जनों का मार्गदर्शन भी कर सकते हैं।

## पायलट का निराला...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विद्युत एवं सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं गांवों में मिलें, यह उनकी पहली प्राथमिकता है। जिन गांवों के बच्चे पढ़ लिख जाते हैं वो गांव विकास की तरफ स्वतः ही आगे बढ़ते हैं। विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण करते हुए पायलट ने कहा, हर जनप्रतिनिधि का यह दायित्व होता है कि, वह अपने क्षेत्र के चहुंमुखी विकास का प्रयास करे। मैंने गत 5 वर्ष में समाज के सभी तबकों के विकास के लिए काम किया है।

प्रधानमंत्री मोदी को लेकर पायलट ने कहा, पीएम बार-बार राजस्थान आकर कांग्रेस पर आरोप लगा रहे हैं, पर सच तो यह है कि, उन्होंने राजस्थान को कोई विशेष दर्जा नहीं दिया और केन्द्र सरकार राजस्थान को कोई पैसा नहीं दे रही है। असलियत यह है कि, भाजपा में जबरदस्त अन्तर्कलह है। भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व चुनावों को लेकर डर रहा है, वह भी समझ गया है कि, जनमानस की सोच वर्तमान केन्द्रीय नेतृत्व के साथ नहीं है। हाल में ही हिमाचल व कर्नाटक में भाजपा कांग्रेस के सामने बुरी तरह हार चुकी है और आने वाले राज्यों के चुनाव परिणाम भी दोनों राज्यों जैसे ही होंगे। पायलट ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि, पूरे राजस्थान में कांग्रेस को बहुमत मिलेगा।

इस मौके पर टोंक प्रभारी अनिल चौपड़ा, पूर्व प्रभारी महेन्द्र खेडी, सेवादल के प्रदेश महासचिव धर्मेन्द्र सालोदिया, सेवादल के जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिक, एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश सचिव अमित अग्रवाल, आईटी सैल के अरशद चिश्ती, जावेद, नईम अपोलो, शाहजेब खान, नसीम, अंसारी, जरार्र खान, यूसुफ इन्जि., आमिर फारूकी, कमलेश चावला, राहुल सैनी, भारत वर्मा, रामलाल सेलिवान, शहर अध्यक्ष ईरशाद बेग, शकील अहमद इत्यादि उपस्थित थे। सचिन पायलट ने अर्नियानील, ऊम काबरा, वजीरपुरा, सांखना, महुवा छान, भरनी, दाखिया, बाड़ा जेरेकिला, बैरवा धर्मशाला, बछेरो का घेर, वार्ड नम्बर 36 सहित दर्जनों स्थानों का दौरा किया।

## चीन की न्यूक्लियर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रहा होता तो वह इस जाल में नहीं फंसता। वर्तमान में, चीन के पास विश्व की सबसे बड़ी नौ सेना है और वह अमेरिका को उन क्षेत्रों में भी धमका सकता है, जहां कभी उसका दबदबा हुआ करता था। चीन अब हिन्द महासागर और हिन्द महासागर के आसपास हथियाए गए ठिकानों पर अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। हिन्द महासागर क्षेत्र में चीन की मजबूत स्थिति है, जिससे श्रीलंका भी शामिल है, जहां उसने पूरे बंदरगाह को ही अपने ट्रेड मार्क बैल्ट एण्ड रोड इनिशिएटिव्स के अन्तर्गत विकास के नाम पर हथिया लिया है। चीन हिन्द महासागर के आरपार पहले ही कई बंदरगाहों और सैन्य चौकियों को अधिग्रहित कर चुका है। इससे हिन्द महासागर क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल कमजोर हो गया है।

सिर्फ यह जानने के लिए कि क्या उसके अभिमानी रवैये को सहन किया जा रहा है, चीन अपनी सीमाओं को सक्रिय रूप से आगे खिसका रहा है। वह एक ही बार में शानदार उपलब्धि हासिल करने के बजाए उत्तरोत्तर लाभ की स्थिति बनाए रखने में यकीन रखता है। वह स्वयं से लगी विभिन्न देशों की सीमाओं पर अतिक्रमण के लिए ऐसी कोशिशें करता रहा है। उदाहरण के तौर पर चीन और उसके आसपास के क्षेत्रो पर अपना दावा जताता है। यद्यपि जापान ने घोषित किया कि यह क्षेत्र उसके प्रत्यक्ष प्रशासनिक नियंत्रण में है। इसके तुरन्त बाद अमेरिका ने जापान के सुरक्षा कवच को इस समूह तक बढ़ाने की घोषणा करते हुए कहा कि सेंकाकू द्वीप पर होने वाले किसी हमले को जापान पर आक्रमण माना जाएगा।

अर्थात, सेंकाकू पर होने वाले किसी भी आक्रमण का मतलब होगा, उसकी सुरक्षा में अमेरिका का कूद पड़ना। इस घटनाक्रम के बाद चीन ने स्वयं को संदर्भित रखते हुए आगे और दावा नहीं किया। हिमालय क्षेत्र से लगती भारतीय सीमा पर भी चीन इसी तरह का रुख अख्तियार करता रहा है। उसने भारत को उन क्षेत्रों में फ्लैग मार्च और निगरानी से रोक दिया, जहां भारतीय सैनिक पूर्व में सक्रिय रहा करते थे। चीन ने यहां छोटे गांव विकसित कर लिए हैं और अपने यहां के बहुसंख्यक हान जाति के लोगों को यहां बसा दिया है, जो यह दावा कर रहे हैं कि वे एक लम्बे अर्से से यहां रह रहे हैं। इससे दोनों देशों के बीच स्थानीय स्तर पर विवाद हो सकता है।

## अखबार की खबर बनी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

क्लिक पर छापा मारा था। उसके बाद एक कोर्ट ने इस साइट के विरूद्ध कोई दण्डात्मक कार्रवाई करने से सरकार को प्रतिबंधित किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स ने दो माह पूर्व एक जांच प्रकाशित की थी जिसमें न्यूज़ क्लिक का संबंध चीन समर्थित प्रचार की फण्डिंग करने वाले एक इन्टरनैशनल नैटवर्क से बताया गया था।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908